श्री लहरी सिंह मेहरा (रादौर –अनुसूचित जाति): सभापति महोदय, मैं आपका बहुत आभारी हूं क्योंकि आपने मुझे बोलने का टाईम दिया है।

चौधरी लाल सिंह: आन ए प्वायंट आफ आर्डर, सर। चेयरमैन साहब, मेरा प्वांयट आफ आर्डर यह है कि जो बिल अभी आ रहा है उस पर बोलने के लिये आप मुझे भी टाईम दें।

श्री सभापतिः आप बैठिए, यह प्वायंट आफ आर्डर नहीं है।

श्री लहरी सिंह मेहरा : सभापति महोदय, ऐप्रोप्रिए ान बिल हाउस के सामने पे ा है। इसके बारे में मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि यह तो बड़ी खु ी की बात है कि 30–30 लाख रुपया कुछेक म्युनिसिपल कमेटीज को दिया गया है लेकिन इसके साथ ही साथ मैं सरकार से यह भी प्रार्थना करना चाहूंगा कि ऐसे मामले में पक्षपात नहीं बरता जाना चाहिए। उदाहरण के तौर पर मैं रादौर, लाडवा और बबैन की बात करूंगा। वे आज इस तरह से इग्नोर हो गए हैं कि आज अगर वे वाटर सप्लाई स्कीम के 10–20 हजार रुपए भी भरना चाहें तो नहीं भर सकते। सभापति महोदय, रादौर और बबैन की मंडी में कम से कम 10 करोड़ रुपये की फसल आती है। इसकी वजह से आप आप अन्दाजा लगा सकते हैं कि कितनी फीस मार्किट कमेटी को आती होगी। इस बात को ध्यान में रखते हुए मेरा निवेदन है कि गवर्नमैंट को इस तरह से डिसक्रिमिने ान नहीं बरतनी चाहिए बल्कि उस हल्के की डिवैल्पमैंट के लिये ज्यादा से ज्यादा पेसा खर्च किया जाना चाहिये।

इसके अलावा मेरी सरकार से एक और प्रार्थना है। इस साल जो बाढ़ आई उसको देखने के लिये आदरणीय मुख्य मंत्री जी मेरे हल्के में गए थे। उन्होंने अपनी आंखों से देखा था कि कितने गांव वहां डूब गए थे। आज भी लोग वहां नीले आका ा

की छत्तरी के नीचे बैठे हैं। उनके पास घर नहीं है। तीन तीन सौ रुपये की जो ग्रांट मिली वह उनके खाने पनी में खर्च हो गयी। इससे भी बड़ी मुि कल से उनका पन्द्रह बीस दिन गुजारा चला। इसलिये मेरी सरकार से प्रार्थना है कि जहां सरकार ने इतना इंतजाम किया, पक्की पकाई रोटियां और चारा भेजा, वहां यह लोगों को मकान बनाने के लिये लोन भी जल्दी से जल्दी दिलाएं। मुख्य मंत्री जी एलान करके आए थे कि बैंक से पांच हजार रुपए एक आदमी को दिलाए जाएंगे लेकिन बड़े अफसोस की बात है कि इस बारे में अभी तक कुछ नहीं हुआ। इसलिये मेरी सरकार से प्रार्थना है कि उन लौगों को बसाने के लिये सरकार बैंकों से जो लोन दिलवाना चाहती है वह जल्दी से जल्दी दिलवाने की कृपा करें।

इसके अतिरिक्त मैं स्कूल्ज के बारे में भी थोड़ा सा निवेदन करना चाहता हूं। आज स्कूल्ज की बहुत बुरी हालत है। मैंने पिछले सै ान में भी कहा था कि बरसात के अन्दर सारे बच्चे बाहर बैठते हैं। मेरे हल्के में तो कोई स्कूल ऐसा नहीं है जिसकी छत्त टूटी हुई न हो। सारा पानी नीचे आता है।

इसके साथ ही साथ सभापति महोदय मेरी सरकार से यह भी प्रार्थना है कि मंडियों से जो इन्कम होती है वह मंडियों के ऊपर ही खर्च की जाए। (विघ्न)

श्री सभापतिः यह ऐप्रोप्रिए ान बिल है। इसमें मंडीज का जिक्र नहीं है। (विघ्न)

श्री लहरी सिंह मेहरा : सभापति महोदय, मैं तो यह प्रार्थना कर रहा हूं कि जिस प्रकार तीस तीस लाख रुपया दूसरी म्युनिसिपल कमेटीज को दिया गया उसी प्रकार रादौर और बबैन की म्युनिसिपल कमेटीज को भी दिया जाए। (विघ्न)

Mr. Chairman: Mr. Lehri Singh please wind up your speech. (Interruptions) Mr. Lehri Singh your time is over. You please take your seat. (Interruptions)

(At this stage many members rose to speak.)

Mr. Chairman: I would request all the Honi. Members to make it a point to start their speech when they are called upon. Please do not waster your time like this. (Interruptions)

Shri Jai Narain: Chairman Sahib .... (Interruptions)

Mr. Chairman: Mr. Jai Narain, you would get your chance. Please let the others finish (Interruptions) Shri Devi Dass would speak now and he would get only three minutes.

श्री देवी दास (सोनीपत): चेयरमैन साहब, सबसे पहले तो मैं आपका धन्यवाद करता हूं क्योंकि आपने मुझे बोलने के लिये टाईम दिया। इससे पहले कि मैं और कुछ कहूं मैं आपसे यह प्रार्थना करना चाहता हूं कि हमारे आगे से या तो यह खम्बा हटा

दिया जाए या हमें खम्भे से आगे बैठा दिया जाए। मेरा तो सुझाव यह है कि जितने भी नए एम0एल0एज0 आए हैं उनके लिये आगे यानि मिनिस्टरों से पीछे सीटें लगा दी जाएं ताकि वे हाउस की कार्यवाही में अच्छी प्रकार से भाग ले सकें।

अब मैं डिमांड नं0 11 पर बोलना चाहता हूं। यह खु ी की बात है कि तीन म्युनिस्पिल कमेटीज को पैसा दिया गया है। सिर्फ तीन ही म्युनिस्पिल कमेटीज को ही पैसा क्यों दिया गया है इसका कारण मंत्री महोदय ने बताया कि ये वहां गए थे और इन म्युनिस्पिल कमेटीज की हालत इन्होंने खराब पाई थी। मंत्री महोदय सोनीपत में भी आए थे ओर इन्होंने वहां भी कहा था कि सोनीपत भाहर की हालत खस्ता है। इसलिये इसको सरकार की तरफ से पैसा दिलाएंगे लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ। आज से पांच साल पहले सोनीपत के लिये एक करोड़ पैंतीस लाख रुपये की पानी की योजना बनी थी। वहां पाईप खरीदे गए, कुएं बनाए गए लेकिन रुपया न होने के कारण वह योजना वैसी की वैसी पड़ी है। इससे बड़ा नुक्सान हो रहा है। इसलिये मैं आपके द्वारा मंत्री महोदय से प्रार्थना करूंगा कि सोनीपत म्युनिस्पिल कमेटी को रुपयचा देकर वहां की पानी की योजना को पूरा कराएं। आज हालत यह है कि मेरे हलके के 25 गांवों के अंदर पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। वहां पानी खारा है। सोनीपत भाहर का पानी भी खारा है। (विघ्न) कुछ लोग कहते हैं कि भाहर के अन्दर देहात का पैसा खर्च नहीं हो सकता लेकिन मैं उनको

बताना चाहता हूं कि सोनीपत की म्युनिस्पिल कमेटी में बसने वाले अधिकतर मजदूर हैं। वहां मजदूरों की लगभग 20 कालोनियां हैं क्योंकि यह बहुत बड़ा फैक्टरी एरिया है। इसलिये इन बस्तियों को उचित सुविधाएं दिलाने के लिये मैं सरकार से प्रार्थना करूंगा कि सोनीपत म्युनिस्पिल कमेटी को भी यह ग्रांट दी जाए। (विघ्न)

(इस समय बहुत से सदस्य बोलने के लिये खड़े हुऐ।)

श्री सभापतिः श्रीमती सुशमा स्वराज।

श्रीमती सुशमा स्वराज (अम्बाला छावनी): सभापति जी मुझे अफसोस से यह बात कहनी पड़ती है कि जो बात सदन में केवल एक दो मिनट में कही जा सकती है उस बात को कहने के लिये समय मांगने हेतु घंटों तक प्रयत्न करना पड़ता हैं इसके लिये मैं सुझाव दूंगी कि जो भी बिल चर्चा के लिये आए उस पर बोलने वालों के नाम पहले ही से मंगवा लिया करें। (विघ्न)

Mr. Chairman: Sushma ji, Rules of Procedure of this House can not be varied like this. You can speak on this Bill if you want. (Interruptions)

श्रीमती सुशमा स्वराजः लोक सभा में यह रूल है। उसमें इतनी सुविधा हो जाएगी कि जिना समय चर्चा के लिये रखेंगे वह पूरा प्रयोग हो सकेगा। आप समय को स्पीकर्ज में बांट दीजिए और समय होने पर चेतावनी की घंटी बजा दें ताकि हर सदस्य अपने समय पर समाप्त करें।

श्री सभापतिः हाउस ने तय किया है कि हर मैम्बर को तीन मिनट का टाईम मिलेगा।

श्रीमती सुशमा स्वराजः सभापति महोदय, मैं कल अनुमान मांगों पर चर्चा कर रही थी तो मैंने आपके सामने गुजारि ा की थी कि मांग संस्था 4, 11 और 16 पर बोलना चाहती हूं। अभी मैं मांग संख्या चार पर बोल ही रही थी कि गिलोटीन अप्लाई हो गया और मुझे बैठना पड़ा और मेरी बात बीच में ही अधूरी रह गई। सभापति महोदय, मुझे एक बात पर बड़े अफसोस के साथ टिप्पणी करनी पड़ रही है कि मंत्री महोदय जब हमारे सवालों का जवाब देते हैं तो कुछ ऐसा इम्प्रै ान क्रियेट करने की कोि ा ा करते हैं कि सवाल उठाने वाला सदस्य बिल्कुल असत्य और निराधार बात कर रहा था। मैं आपके सामने एक बात का उदाहरण देती हूं कि कल मैंने अनुपूरक मांग चार पर चर्चा करते हुए सरकार के राहत कार्यों की सराहना करते हुये अपने हल्के के बारे में ि ाकायत की थी कि मेरे हल्के अम्बाला छावनी में किसी भी आदमी को अभी तक 300 रुपये नहीं मिले लेकिन रैवैन्यू मिनिस्टर जब यहां सदन में जवाब दे रहे थे तो उन्होंने इस सदन में आंकड़े रखें कि 998 लोगों को कर्जा मिला है और अम्बाला में जो तकावी का पैसा दिया गया है वह सबसे ज्यादा दिया गया है। सभापति महोदय, मैं आपके सामने यह गुजारि ा करना चाहती हूं कि मेरा यह सवाल नहीं था। मेरी तो स्पैसिफिक ि ाकायत करे अपने हल्के के बारे में थी और केवल

मात्र इतनी थी कि वहां पर तीन तीन सौ रुपया अभी तक नहीं बांटा गया है। मैंने कोई पक्षपात का इल्जाम नहीं लगाया था कि सरकार ने अम्बाला जिले का पैसा नहीं दिया। मंत्री महोदय ने 998 के आंकड़े जो दिये हैं, ये अम्बाला जिले के हैं। अगर अम्बाला छावनी के आंकड़े उनके पास नहीं हैं तो मैं बता देती हूं। अम्बाला छावनी में केवल 56 लोगों को कर्जा मिला है। मैंने कल यह नहीं कहा था कि वहां पर कर्जा नहीं बंट रहा है। मैंने तो एक ही बात कही थी कि तीन सौ रुपये किसी को नहीं मिले। रैवेन्यू मिनिस्टर साहब इस बात को मानेंगे कि अभी तक एक भी आदमी को नहीं मिला है। लेकिन इस सदन में वह इस ढंग से रखी गई क सारे सदन के सदस्यों का यूं लगा कि मैं गलत बात कह रही थी। वही बात हाउसिंग बोर्ड के सिलसिले मैं कही। लोकल सैल्फ गवर्नमैंट मिनिस्टर ने कहा कि जब यह स्कीम बनी थी तब मैं हाउसिंग मिनिस्टर थी। उस स्कीम के बारे में कुछ नहीं देखा कि जमीन ली गई है या नहीं ली गई केवल मात्र एप्लीके ानज मांग ली गई। चेयरमैन साहब, आप जानते हैं कि कोई भी स्कीम चालू करने से पहले हाउसिंग बोर्ड पहले जमीन खरीदेगा या पहले आपकी डिमांड देखेगा। अब सवाल पैदा होता है कि डिमांड कैसे देखी जायेगी, डिमंड देखने के लिये पहले एप्लीके ान्ज मांगेंगे। अगर एप्लीके ांज न मांगें और हाउसिं बोर्ड तीस या चालीस एकड़ जमीन ले ले और मकान बनाने के काम 10 एकड़ आये तो ज्यादा जमीन खरीदने का क्या लाभ हो सकता है। कोई भी स्कीम बनाने से पहले वहां एप्लीके ांज मांग कर यह जज किया जाये कि

कितनी एप्लीके ान्ज आयी हैं, उसके मुताबिक कितनी जमीन की आव यकता पड़ेगी, तब जाकर नगरपालिका को जमीन के लिये लिखा जाये। इसी प्रकार से यह स्कीम बनाई गई, फिर हमने नगरपालिका को जमीन के लिये लिखा उसमें यह कहना कि मेरे समय में यह स्कीम बनायी गई थी तो यह कौन सा गुनाह हो गया थां

श्री सभापतिः आप वाइंड अप कीजिए।

श्रीमती सुशमा स्वराजः इसी तरह मांग नंबर 11 है। उसके ऊपर मैं केवल इतना कहना चाहूंगी कि यह जो पैसा दिया जा रहा है, यह दिया जाना चाहिये। मैं किसी कमेटी के बारे में मुखालफित नहीं करती। (विघ्न) लेकिन नगरों को भी पैसा देना चाहिये। (विघ्न)

चौधरी राम लाल वधवाः मेरे कहा था कि मैं फाईल मंगा करके विचार कर रहा हूं।

श्रीमती सुशमा स्वराजः मैंने आपकी बात सुन ली है लेकिन जो आपने कहा है मैं उसका जबाव दे रही हूं। नगरपालिका को जहां तक ग्रांट देने का सवाल है, वह देनी चाहिये। हमें गांवों को तो प्राथमिकता देनी चाहिये लेकिन नगरों को भी इग्नोर नहीं करना चाहिये। लेकिन इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिये ताकि पैसा देते वक्त हमें कोई आर्थिक आधार तो रखना चाहिये। किसी आदमी के मन में यह भावना न आये कि

जो यह पैसा दिया गया है, यह पक्षपात के कारण से बांटा गया है। इसका आर्थिक आधार जरूर होना चाहिये। मैं ि ाव प्रसाद जी की इस बात की ताईद करती हूं कि अम्बाला भाहर को भी पेसा मिलना चाहिये। अम्बाला भाहर की म्युनिस्पिल कमेटी के पास लोगों को तनख्वाह देने के लिये भी पैसा नहीं है। हांसी म्युनिस्पिल कमेटी की भी यही हालत है। इसलिये म्युनिस्पिल कमेटी को जो पैसा दिया जाये वह आर्थिक आधार पर दिया जाये।

एक बात मैं मांग नंबर 16 के बारे में कहूंगी कि सरकार की ओर से राश्ट्रीय लघु उद्योग पर 9 लाख 99 हजार रुपए खर्च किया गया। मैं इस पैसे के बारे में मुखालफित नहीं करती क्योंकि इस मेले में सभी राज्यों के लोग आते हैं इसलिये हरियाणा को भी हिस्सा लेना चाहिये। इन मेलों के माध्यम से दे ा की प्रगति की झलक मिलती है लेकिन मैं उद्योग मंत्री जी के नोटिस में एक बात लाना चाहती हूं कि जब मैं स्वय ंयह राश्ट्रीय लघु उद्योग मेला देखने के लिये गई तो मैं जान बूझ कर वहां फोन करके नहीं गई थी। मुझे यहां यह बात अफसोस के साथ कहनी पड़ती है कि उस मेले में नीचे से लेकर ऊपर तक पैवैलियन के अंदर कोई भी गाईड नहीं बैठी थी। मुझे वहां पर यह पूछना पड़ा कि यहां पर कौन गाइड है ? अंत में एक लड़की आई, उस लड़की का व्यवहार इतना रूढ़ था, कठोर था वह मुझसे पूछने लगी कि आप कौन हैं, कहां से आई हैं। जब मैंने उसको अपना

नाम बताया तो कहने लगी कि मुझे आपकी पहचान तो कर लेने दीजिए। सवाल यह नहीं है कि कोई वहां मंत्री या एम0एल0ए0 जाये तो उसके साथ व्यवहार ठीक हो और अन्य के साथ ठीक न हो। सवाल तो यह है कि ऐसे मेल में जिनसे हमारे प्रदे ा की छवि बनती है। उसके बारे में उद्योग मंत्री महोदय से इल्तजा करूंगी कि भविश्य में इस बात का ध्यान रखा जाये कि वहां पर जो भी गाईड लगाई जायें वह मोस्ट पोलाइट हो ताकि सरकार की छवि अच्छी बन सके।

श्री मांगे राम गुप्ताः चेयरमैन साहब आज मुझे भी कुछ टाईम मिलना चाहिये। (विघ्न)

Mr. Chairman: You had your say yesterday. Let others speak today first. If there is time, you will get it.

Rao Birender Singh: He is the only independent Member and represents a separate group. He must be given time.

Mr. Chairman: Time is common to all. Every member has to be given an opprotunity.

Rao Birender Singh: He represents independents.

Mr. Chairman: He cannot be won over like this.

श्री भागी राम (एलनाबाद– अनुसूचित जाति): चेयरमैन साहब, मैं आपका ज्यादा टाईम नहीं लूंगा। दो चार मिनट में ही अपनी बात खत्म करना चाहता हूं। इन डिमांडज में सिरसा

म्युनिस्पिल कमेटी को दस लाख रुपया दिया गया है, इसलिये मैं सरकार को मुबारिकबाद देता हूं। चेयरमैन साहब, मैं मिनिस्टर साहब, के नोटिस में यह बात कई बार लाया हूं कि मेरे हल्के में रानिया कस्बा पड़ता है जो सिरसा से रानियां को बसें चलती हैं उन बसों की बहुत ही खराब हालत है। सवारी को यह पूछने की आव यकता नहीं है कि यह बस कहां जायेगी। सवारियां केवल यह देख लेती हैं कि जिस बस के भी ो टूटे हुए है, खिड़कियां टूटी हुई हैं। उसी बस में सवारियां चढ़ लेती हैं, उनको पता होता है कि यह खराब बस ही उधर को जायेगी।

श्री सभापतिः यहां पर ट्रांसपोर्ट की कोई डिमांड नहीं है।

श्री भागी रामः हमारी सरकार ने फैसला किया है कि जो गांव सडक पर मिट्टी डालेगा, उसी सड़क को पक्का कर दिया जायेगां

श्री सभापतिः भागी राम जी आप बिल्कुल इररैलेवैन्ट बोल रहे हैं। इस बात का एप्रोप्रिए ान बिल से कोई सम्बन्ध नहीं है।

श्री भागी रामः चेयरमैन साहब, मेरी कांस्टीच्युएंसी में दस गांव ऐसे हैं जिन गांवों के लोगों ने मिट्टी डाल दी है लेकिन अभी तक वहां पर पक्की सड़क बनाने का कोई नाम नहीं लिया जा रहा है। वहां सी0एम0 साहब ने भी अनाउंस किया था कि

गुढान कटेसरा वाली सड़क जल्दी बनायीय जायेगी, अगर इस गांव के लोग मिट्टी डाल सकेंगे। उस गांव के लोगों ने मिट्टी डाल दी है परन्तु सड़क पर काम चालू नहीं हुआ। अगर सड़क नहीं बनानी थी तो वह एलान नहीं करना चाहिये था अगर उन्होंने एलान किया है तो उसे पूरा भी करना चाहिये और उन सड़कों को इम्मीजीयेटली बनाया जाये। उन सड़कों को फर्स्ट प्रैफरैन्स दिया जाये।

श्री सभापतिः अब आप वाइंड अप कीजिये। आप काफी इररैलेवैंन्ट बोल चुके हैं। अब आप वाइंड अप कीजिये।

श्री भागी रामः चेयरमैन साहब, एक मिनट में मैं अपनी बात कह कर अपना स्थान ले रा हूं। मेरे हल्के के अंदर ओटू से थोबड़िया तक की सड़क की तरह ही दो तीन सड़कें चौधरी बंसी लाल के टाईम पर मंजूर हुई थी। ....

श्री सभापतिः आप फिर इररैलवैन्ट बोल रहे हं।

श्री भागी रामः चेयरमैन साहब, बंसील लाल के टाईम पर यह सड़कें मंजूर हुई थीं और इसके लिये 16 लाख रुपये का एस्टीमेट मंजूर हुआ था। कम से कम तीस बार यह सड़क मंजूर हो चुकी हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि क्या इसी तरह से सड़कें मंजूर होती रहेंगी और कभी बनवाई भी जायेंगी ? मैं सरकार से यह रिक्वैस्ट करूंगा कि जो सड़कें कम से कम तीस बार मंजूर हो चुकी है लेकिन उनके बनवाने के लिये कभी पैसा नहीं दिया गया,

उन सड़कों को इम्मीजीयेटली बनवाया जाये। (घंटी) एक बात और कह कर मैं बैठ जाऊंगा।

Mr. Chairman: Please wind up now. You have already taken so many minutes. You please take your seat. (Interruptions)

श्री भागी राम: चेयरमैन साहब, हमारी सरकार ने यह फैसला किया है कि जो कांस्टीच्यूऐंसीज या जो डिस्ट्रिक्टस सबसे पीछै हैं, उनको फर्स्ट प्रैफरैंस दी जायेगी। मैं यह कह रहा हूं कि मेरी कांस्टीच्यूऐंसी में आज तक केवल 5 हाई स्कूल और 4 मिडल स्कूल हैं जबकि कई कांस्टीच्यूएंसीज ऐसी हैं जिसमें सारे के सारे हाई स्कूल हैं। इसलिए मैं मंत्री महोदय से यह निवेदन करूंगा कि मेरे हल्के को भी इस मामले में दूसरी कांस्टीचयूएंसीज के मुकाबले में लाया जाए।

श्री जय नारायण (कलानौर–अनुसूचित जाति): चेयरमैन साहब, मुझे आपने टाईम दिया और फिर ऐसे माहौल में उसके लिये मैं आपका आभारी हूं। चेयरमैन साहब, मैं डिमान्ड नंबर 11 के ऊपर बोल रहा हूं। इस डिमांड में तीन म्युनिस्पिल कमेंटियों को 30–30 लाख रुपये दिये गये हैं, इसका मैं स्वागत करता हूं क्योंकि बार बार यहां पर रोहतक कमेटी का नाम लिया जा रहा है। मैं यह बताना चाहता हूं कि रोहतक एक ऐसा पिछड़ा हुआ इलाका है जिसकी गलियां और सड़कें टूटी हुई हैं। वहां पर गलियां और सड़कें इतनी खराब हुई पड़ी हैं कि वहां के लिये जो

पैसा दिया गया है, वह कम है, और रुपया देना चाहिये था। मेरा इलाका इतना बैकवर्ड है कि वहां पर पीने का पानी भी उपलब्ध नहीं है। एक बात मैंने मंत्री जी से कही भी हैं। मेरे इलाके में तीन चार गांव ऐसे भी हैं जहां पर पानी उनको डुबो देता है। जहां फसल हर बार मारी जाती है। वहां पर सोना उगलने वाली जमीन है लेकिन वहां पर आजकल बिल्कुल भी पैदावार नहीं हो रही है। वह सारे के सारे लोग एक आध किल्ला गिरवी रखकर अपना गुजारा कर रहे हैं। मैं हाउस के जरिये इस सरकार से यह रिक्वैस्ट करूंगा कि वहां पर कोई न कोई रजवाहा निकाल दिया जाये। अभी तक वहां पर एक भी रजबाहा नहीं है। पिछले दिनों चीफ मिनिस्टर साहब वहां पर गये थे और यह वायदा भी करके आये थे कि वहां पर एक रजबाहा जरूर निकलवा देंगे। उन्होंने यह वि वास दिलाया था कि वह जल्दी से जल्दी इस रजबाहे को वहां पर निकलवा देंगे। लेकिन मैं उन्हें यह बताना चाहता हूं कि यह रजबाहा अभी तक भी वहां पर नहीं निकला है। इसलिये मैं मुख्यमंत्री महोदय से यह प्रार्थना करूंगा कि वहां पर रजबाहे की जल्दी से जल्दी निकलवाया जाये। दूसरी एक बात और मैं कहना चाहूंगा। हमारे किसान भाईयों को बड़ी तकलीफ है। हमारे आसपास के 25 किलोमीटर के एरिया में कोई भी मंडी नहीं है। 25–30 किलोमीटर भिवानी वहां से पड़ता है। वहां पर आसपास कोई भी मंडी नहीं है। जो हमारे किसान भाई हैं, वे रात को जब वहां से चलते हैं तो कहीं सुबह जाकर मंडी पहुंचते हैं। इसलिये मेरी ये प्रार्थना है कि वहां पर एक मंडी जरूरर खोली जाये।

हरिजनों के बारेम में हमारे मुख्य मंत्री महोदय ने जो बताया है कि हम चौपालों की एक स्कीम चला रहे हैं यह एक बहुत बढ़िया बात हे, मैं इसकी ताईद करता हूं और सरकार को इस बात के लिये मुबारिकबाद देता हूं कि वह एक अच्छा काम कर रही है। इसके अलावा यह जो बाढ़ पीड़ित लोगों के लिए 300–300 रुपये गये हैं, यानी हमारे किसान मजदूर भाईयों को सरकार दे रही है, मैं यह मानता हूं कि यह पैसा पिछली सरकार के मुकाबले में कहीं ज्यादा है क्योंकि उन्होंने 30 साल के अंदर कुछ काम नहीं किया। इसके मुकाबले में अब डेढ़ साल में कहीं ज्यादा काम हुआ है। मैं सरकार से यह प्रार्थना करूंगा कि यह जो ग्रांट के रूप में तीन तीन सौ रुपया दिया गया है यह तो ठीक है लेकिन इसके साथ ही साथ कम से कम 5–6 हजार रुपये उन्होंने मकान बनाने के लिये कर्जे के तौर पर दिलाये जायें। मेरी यही प्रार्थना है।

श्री मांगे राम गुप्ता (जींद): चेयरमैन साहब, आपका भाुक्रिया अदा करते हुए मैं डिमांड नम्बर 5 और 11 पर बोलना चाह रहा हूं। हमारे साथ, जींद में सरकार पक्षपात इसलिये कर रही है क्योंकि वहां का एम0एल0ए0 रूलिंग पार्टी से ताल्लुक नहीं रखता है। हमने यह आ ाा कभी नहीं की थी। मैंने पहले बोलते हुए यह जिक्र किया था कि 30–30 लाख रुपया जो तीन म्युनिसिपल कमेटियों को दिया जा रहा है, उसमें हमें कोई एतराज नहीं। अगर हमारे भाहर को भी कुछ इमदाद मिल जाती तो हम भी कुछ भरोसा कर लेते। मैं यह कह रहा था कि हमारे भाहर में एक

4–5 एकड़ का टुकड़ा पड़ा है, जिसमें सारे भाहर की गन्दगी पड़ती है। एक तरफ तो गवर्नमैंट यह कोि ा ा कर रही है और गवर्नमैंट की यह पालिसी है कि भाहरों को सुन्दर बनाया जायेम और इसके लिये वह पैसा खर्च कर रही है। मैंने यह कहा था कि इस पर भी कुछ पैसा खर्च कर दिया जाये तो इससे भाहर की सुन्दरता बढ़ेगी। मुझे खद ाा यह था कि वह टुकड़ा 20 लाख रुपयेम में बेचा जा रहा है। मंत्री मोदय ने जवाब में यह कह दिया जिसकी कि हमें कभी आ ाा भी नहीं थी। उन्होंने यह कहा कि अगर मांगेराम गुप्ता उस टुकड़े को 40 लाख रुपये में लेने को तैयार हो तो सरकार उसे बेचने के लिये तैयार है। मैं कोई इतना बड़ा आदमी नहीं हूं कि लाखों का सौदा कर सकूं क्योंकि जो मुझे तनख्वाह वगैरा यहां से मिलती है वह सारी की सारी खर्च हो जाती है। मैं सरकार से अनुरोध करूंगा कि उस जमीन को बेचा न जाये बल्कि भाहर को सुन्दर बनाने के लिये उसे डिवैल्प किया जाये। मैं उन्हें यह भी बता देना चाहता हूं कि अगर आप उसे 40 लाख में बेचना ही चाहते हो तो मैं तो उसे नहीं खरीद सकता, लेकिन मैं आपका एग्रीमैंट 40 लाख रुपये में बेचने का आज ही करवाता हूं। मैं आज ही वह एग्रीमैंट आपका करवाने के लिए तैयार हूं। 20 लाख की बजाये 40 लाख में बेचने का। मंत्री जी यहां पर कह रहे थे कि अगर 40 लाख में चाहें तो श्री मांगे राम जी ले लें। मैं खुद तो नहीं ले सकता, लेकिन मैं उसका 40 लाख रुपये का एग्रीमैंट करवाने के लिये तैयार हूं। एक बात मैं और कहना चाहता हूं। हमारी सरकार ने पिछली दफा जो फ्लड की

वजह से फसलों का नुकसान हुआ है, उसके लिये यह एलान किया था कि मालिया वसूल नहीं किया जायेगा। कुछ गांवों में उस समय फसल नश्ट होने के बाद पैडी की फसल अच्छी हो गयी है और कही पर फसल बिल्कुल भी नहीं हुई है। कहने का मतलब यह है कि कई गांव ऐसे हैं जहां पर पैडी नाम की कोई चीज पैदा ही नही हुई है। वहां पर अब अगली आशाढ़ी में पैदावार होगी। वहां से भी रिकवरी की जा रही है। मेरी रिक्वैस्ट यह है कि जिन गांवों में पैडी की फसल की पैदावार अच्छी हो गयी है, उनसे तो बे ाक आप लगान की रिकवरी कर लो लेकिन जहां पैदावार बिल्कुल नहीं हुई वहां अगले साल तक इसको मुलतवी कर दिया जाये।

उद्योग मंत्री (डाक्टर मंगल सैन): सभापति जी, सदन में कल से अनुपूरक मांगों के बारे में चर्चा चल रही है और अब ऐप्रोप्रिए ान बिल उसी सम्बन्ध में आया है। कल मेरे कुछ माननीय सदस्यों ने मेरे विभाग के बारे में कुछ बातें कहीं थीं और उनका स्पश्टीकरण करना मैं अपना कर्त्तवय समझता हूं ....

राव बीरेन्द्र सिंहः आपका कौन सा विभाग है ?

डाक्टर मंगल सैनः मुझे बड़ा अफसोस है कि राव साहब को मेरे विभाग का भी पता नहीं हैं (व्यवधान)। मेरे माननीय सदस्य ने कहा है कि दिल्ली में उद्योग मेला लगा और उसमें 9 लाख 99 हजार 500 रुपया खर्च हो गया और मेरे मित्र ने आगे कहा कि वहां उस मेले में उन्होंने गांव की कोई बात नहीं देखी,

भाहर वालों की ही बात देखी और उनको बड़ी निरा ाा हुई है। मेरी आदरणीय छोटी बहिन श्रीमती सुशमा जी ने वहा ंपर जो पथ प्रदि ीका थी, जो गर्ल गाइड थी उसके बर्ताव की चर्चा की। इसका मुझे बड़ा खेद है और मैं सदन से क्षमा चाहता हूं कि मेरे विभाग के कर्मचारी से ऐसी बात हुई। स्वामी जी के बारे में कहना चाहता हूं कि स्वामी जी वहां नीचे नहीं गए, वे ऊपर ही घूमत रहे। नीचे अगर वे जाते तो देखते की नीचे मेरा कुम्हार भाई मिट्टी के बर्तन बना रहा था, जूते बनाने की नीचे प्रद र्नी हो रही थी। वह एक प्रद र्नी थी। सभापति जी, जैसा कि यहां कहा जा चुका है वह एक दे ाव्यापी प्रद र्नी थी। प्रत्येक प्रदे ा की प्रद र्नी वहां लगी थी और सब प्रदे ाों के लोग वहां पर उपस्थित थे। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि इस प्रकार की प्रद र्नी लगा कर एक अवसर प्रदान किया जाता है कि दे ा के लोग आकर देखें कि हरियाणा के गांवों में कुटीर और छोटे उद्योग कहां कहां लगे हुए हैं और कहां पर क्या क्या सामान बनता है। इस प्रकार उनको उद्योगों की एक तालिका, एक डिक ानरी सी मिल जाती है जिससे लोग सारी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। सदन को यह जानकर बड़ा हर्श होगा कि हथ करघा प्रतिश्ठान जो था उसमें तीन लाख 85 हजार का सामान बेचा गया और उसको देखने के लिए हमारे माननीय नेता चौधरी चरण सिंह भी त ारीफ लाए थे और लाखों लोगों ने उसको देखा था। चेयरमैन साहब, मैं निवेदन करना चाहता हूं कि बड़ा सफल प्रोग्राम रहा और उसमें लाखौं रुपए का सामान बिका और

करोड़ों रुपए के आर्डर भी आए। स्वामी जी ने कहा कि टाटा का हमाम नहीं बिकना चाहिए, बाटा के जूते नहीं बिकने चाहिए। मैं सदन को बताना चाहता हूं कि इसीलिए हमारे केन्द्रीय उद्योग मंत्री आदरणी जार्ज फर्नांडिज ने घोशणा की कि 508 आइटम बड़े उ़द्योग वाले नहीं बनाएंगे। उनको नए लाइसैंस नहीं मिलेंगे। जो लगे हुए हैं उनका क्या करें ? चेयरमैन साहब, उनको तोड़ने का प्रोग्राम नहीं बनाया है लेकिन छोटे उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा। हमारी आद र्ा नीति यह है कि बड़े से छोटा, म ीन से हाथ और भाहरसे गांव। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि हरियाणा ने तो पहल की है कि –....... (व्यवधान)

चौधरी जगजीत सिंह पोहलू: आन ए प्वायंट आफ आर्डर, चेयरमैन साहब, चौधरी राज नारायण सैंटर में मिनिस्टर रहे हैं उनका स्टेटमैंट है कि 53 लाइसैंस अकेले बिरला को दिए गए हैं।

Mr. Chairman This is not point of order. Please sit down.

डाक्टर मंगल सैन: जनता पार्टी की नीति इस मामले में बड़ी स्पश्ट है। जनता पार्टी एक पीपल्ज पार्टी है। चेयरमैन साहब, अभी मुझे बताया गया है कि उस मेले में आठ लाख के और भी आर्डर आए हैं और जो सामान बिका है वह अलग है। चेयरमैन साहब, हरियाणा ने तो सारे दे ा में पहल की है ....

स्वामी अग्निवे ाः सभापति महोदय, मेरा व्यवस्था का प्र न है। कल मैंने अपनी स्पीच में जो बात कही थी। आदरणीय मंत्री महोदय उसको तोड़ मरोड़ कर कह रहे हैं। मैंने यह कहा था कि जो लोग उस मेले को देखने गए वे भाहर वाले देखने गए, गांव वाले देखने नहीं गए। वहां जो भी चीज रखी गई थी वह भाहर के लोगों के लिए रखी गई थी। दो चार लाख की जो चीजें बिकी हैं। वह भाहर वालों ने खरीदी गावं वालों ने नहीं। इन्होंन उस बात का उलट कर कह दिया।

डाक्टर मंगल सैनः स्वामी जी मेरी भावना को गलत न समझें। मैंने उनकी बात को न तोड़ा है और न मरोड़ा है। जहां तक गांव वालों के आने का प्र न है लोगों के लाने का प्रबन्ध करना चाहिए। वह भी आगे देख लेंगें। चेयरमैन साहब, जनता सरकार के बनने के बादे चौधरी देवी लाल के मुख्यमंत्री बनने के बाद ग्रामीण उद्योग नीति का निर्धारण हुआ है। सारे दे ा में हरियाणा अकेला प्रदे ा है जहां पर पढ़े लिखे, अलाभकारी जोत वाले किसान, अनइकोनोमिक होल्डिंग वाले फार्मर, बैकवर्ड क्लास के भाई, अनुसूचित हरिजन भाई अगर कोई व्यवसाय या इंडस्ट्री भाुय करना चाहें और ऐसे चार भाई मिल जाएं या इंडिविजुआल भी कोई काम भाुरू करना चाहे तो सरकार उसको अढ़ाई हजार रुपया सीड मनी देगी और सरकार बीस हजार रुपया कर्जा लेकर देगी। (व्यवधान)

चौधरी संत कंवरः बैंकों से तो कर्जा किसी को मिल ही नहीं रहा है। वे कहते हैं कि गारंटी लाओ।

मुख्य मंत्री (चौधरी देवी लाल): * * * *, यह तो हमारी सरकार की बात कह रहे हैं।

चौधरी जगजीत सिंह पोहलूः आन ए प्वायंट आफ आर्डर, चौधरी देवी लाल बे ाक किसान के बेटे हैं और चौधरी साहब किसान और मजदूर का ख्याल रखते हैं लेकिन मैं बताना चाहता हूं कि जितना मोमा का कोटा दिया गया है वह सब बड़े बड़े आदमियों को दिया गया है। यह गलत कह रहे हैं।

Mr. Chairman: It is not a point of order. Please take your seat. You have only crateted disorder.

राव बीरेन्द्र सिंहः * * * * *
* * * * * * * * * *
*

13.00 बजे

चौधरी संत कंवरः* * * * *
* * * * * * * * * *
*

Mr. Chairman: Please take your seat. (Interrupions)

गृह मंत्री (श्री वीरेन्द्र सिंह): * * * *
* * * * (ाोर) (हंसी)

Mr. Chairaman: All that has been said regarding 'Bawla' will not come on the record. (Interruptions)

डाक्टर मंगल सैनः चेयरमैन साहब, मैं सरकार की नीति के बारे में स्पश्टीकरण कर रहा था क्योंकि यहां पर आदरणीय स्वामी जी ने कहा। अगर याद न हो तो मैं बता देता हूं, उन्होंने कहा था कि सरकार की उद्योग की कोई नीति नहीं है। तो मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि हमारी सरकार ने लोगों को बैंकों द्वारा लोन दिलवाने का इंतजाम किया है– (ोर एवं व्यवधान)

चौधरी संत कंवरः बैंक वाले लाने नहीं दे रहे हैं। (ोर)

श्री सभापतिः डाक्टर साहब, जरा टाईम का ध्यान भी रखें।

डाक्टर मंगल सैनः भाई संत कंवर जी, अगर इस काम में कोई कमी रह गई है, किसी बैंक ने पैसा नहीं दिया है तो आप मुझे बताइये, मैं तकलीफ को दूर करूंगा। (तालियां) चेयरमैन महोदय, मैं आपसे प्रार्थना करना चाहता हूं कि हमने सबसे पहले रुपये का बन्दोस्त करवाया, फिर कच्चे माल काच बंदोबस्त करवाया। जिस मोम के कोटे की भाई पोहलू जी को दर्द हो रही है मैं उनको यह बता देना चाहता हूं कि हमने मोम के कोटे का 50 परसैंट गांवों के लिये रखा हुआ हइै (तालियां) और इनके राज में चेयरमैन साहब, क्या होता था कि पहले 900 टन का मोम का कोटा 12 आदमियों को दिया जाता था और आज वही कोटा 350

लोगों को दिया जा रहा है। (तालियां) इससे आगे चेयरमैन साहब, मैं निवेदन करना चाहता हूं कि इनता ही नहीं किया बल्कि गांवों में कारखाने भी लगा दिये। 260 लग चुके हैं और इस साल में 330 और लगने हैं; बाकियों की योजना बनाई जा रही है और जो माल वे लोग गांवों में अपने कारखानों में बनाएंगे उस माल को बेचने की जिम्मेवारी भी इस सरकार ने अपने ऊपर ली है। हमारी स्माल स्केल इंडस्ट्रियल कारपोरे ान उन कारखानेदारों का सामन बिकवाने का भी बन्दोबस्त करती है। चेयरमैन साहब, इन लोगों का इतना कह देना कि हमारी सरकार की कोई नीति नहीं है, यह हमारे साथ एक प्रकार का न्याय नहीं होगा।

चेयरमैन साहब, इससे आगे मैं आपको एक और बात बताना चाहता हूं कि राव साहब ने भी बोलते हुए धारूहेड़ा में एक पेपर मिल की बात कही। उनका कहना है कि हमारी सरकार ने उस मिल को 350 एकड़ के लगभग जमीन दी। चेयरमैन साहब, भाायद माननीय राव साहब गलतफहमी में रह गये, गलती से मारूति का नाम पढ़ गये होंगे। हमने 350 एकड़ जमीन नहीं दी, उनको तो केवल 177 एकड़ दी है और वह भी हमने नहीं दी। वह भी जिस पार्टी में राव साहब अभी भाामिल हुए हैं उस पार्टी ने दी है (तालियां) अब उन्होंने एक और दरखास्त दी है कि हमें 100 एकड़ भूमि और दी जाएं चेयरमैन साहब, मैं इस हाउस में आ वासन देना चाहता हूं कि किसान की एक इंच भूमि भी बिलावजह किसी को नहीं दी जाएगी। (तालियां)

चेयरमैन साहब, मुझे कुछेक बातों का स्पश्टीकरण तो और भी करना था पर घड़ी की सुई तेज घूम रही है, इसलिये मैं इतना ही कहते हुए आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया।

स्थानीय भाासन मंत्री (चौधरी राम लाल वधवा): सभापति महोदय, यहां इस हाउस में डिमांडज पर ओर एप्रोप्रिए ान बिल पर मेरे विभाग से सम्बंधित मांगों पर चर्चा चल रही है। कल भी और आज भी कुछ माननीय सदस्यों ने कुछेक बातों को दोहराया है, मैं उनको बता देना चाहता हूं कि इसमें कोई भाक की बात नहीं है कि जहां तक नगरों का प्र न है उन सब में हालत अच्छी नहीं है। पिछली सरकार ने 30 साल के अपने राज्य में नगरों में नालियों, सड़कों और सीवरेज पर कोई ध्यान नहीं दिया और इस प्रकार नगरों की बुरी हालत हमें विरासत में मिली। इस को दो तीन सालों में सुधारना बड़ा कठिन काम है, इसके लिये हमारी सरकार को समय चाहिये लेकिन फिर भी हमने इसकी जिम्मेवारी ली है। इसके साथ साथ में आपको बता देना चाहता हूं कि नगरों की निस्बत देहातों की हालत और भी खराब हैं इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए हमने बजट का 80 परसैंट पैसा इसी बात के लिये रखा है।

चौधरी जगजीत सिंह पोहलू: चेयरमैन साहब, वधवा साहब किस डिमांड पर बोल रहे हैं ? (ाोर)

चौधरी राम लाल वधवाः चेयरमैन साहब, बहुत से सदस्य यहां पर किसानों के हितों की बात कर रहे थे, पोहलू साहब को छोड़ कर, मैं उनको बता देना चाहता हूं कि किसानों के लिए कौन लड़ा है ? वे सदस्य यह कह रहे थे कि देहातों के लिये कुछ नहीं हो रहा है। मैं उनको बता देना चाहता हूं कि 1973 में सबसे पहले हमने चौधरी देवी लाल जी के नेतृत्व में किसानों के हक में आवाज बुलन्द की थी।

श्री भाम ोर सिंहः चेयरमैन साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है कि मिनिस्टर साहब जो जवाब दे रहे हैं इसमें 1973 की बात का कहां पर जिक्र आता है ? यूं ही हाउस का समय बरबाद कर रहे हैं (ाोर) आपको पता है कि डीजल के मामले में किसानों की कितनी पिटाई हुई (ाोर) भावों के मामले में (ाोर एवं व्यवधान)

Mr. Chairman: This is not a point of order. Please do not repeat and take your seat. (Interruptions)

चौधरी राम लाल वधवाः सभापति महोदय, जहां तक मेरे विभाग से सम्बंधित सवालों का सम्बंध है, उसके बारे मैं पहले ही कह चुका हूं कि नगरों में इस बात की जरूरत है कि इसका सुधार किया जाए। इसके लिये मेरे विभाग ने कई ऐसे पग उठाने का निर्णय भी किया है जिनके बारे में मैंने कल भी निवेदन किया था और आज भी बता रहा हूं कि बिना पैसे के इतनी तेजी से सुधार नहीं हो सकता। अगर उन नगरों का सारे का सारा सुधार

करना होगा तो कम से कम 100 कराड़ रुपये की आव यकता होगी लेकिन इसके लिये जितना ज्यादा से ज्यादा हो सकता है हम कर रहे हैं। पहले सुधार के काम के लिये पब्लिक हैल्थ, बी0एण्ड आर0, और अलग अलग विभाग होते थे। अब इस बोर्ड के बनने के बाद सुधार के काम में तेजी आ जाएगी। पिछली सरकार के समय में अलग अलग विभागौं को इस काम के लिये एल0आई0सी0 और बैंकों के द्वारा लोन लेने के लिये पहले सरकार से मंजूरी लेनी पड़ती थी और फिर काफी फारमैलिटीज के बाद लोन मिलता था जिसके कारण से 30 साल तक कांग्रेस सरकार सुधार का काम नहीं कर सकी। अब वाटर एंड सीवरेज बोर्ड संबंधी बिल अगले बजट सै ान में आ रहा है और इसके लिएये मुख्य मंत्री महोदय ने अनुमति भी दे दी है। वह बोर्ड बनाने के बारे में मैंने नगरपालिकायों को निदे ा दे दिये हैं कि वे बताएं कि उनको इस स्कीम के लिये कितने पैसे की आव यकता है। चेयरमैन साहब, मास्टर प्लान बनाने के लिये भी निर्दे ा दे दिये गये है कि तब तक बना दिये जाएं क्योंकि बोर्ड को गवर्नमैंट की एजेंसी हुडको और वर्ल्ड बैंक से लोन मिलता है। पंजाब ने इसी तरह का बोर्ड बनाया थां वह 29 करोड़ रुपया ले चुका है। हम बोर्ड बनाकर हुडको और दूसरे वर्ल्ड बैंक के अदायरों से लोन लेकर के अगले दो सालों में नगरों का सुधार करने की कोि ा ा करेंगे। इससे पहली सरकार म्युनिसिपैलीटीज की जमीन को बेच दिया करती थी और दूसरे विभाग इसका फायदा उठाकर लाभ उठाते थे। अब मैंने आदे ा दे दिये हैं कि सिवाये जरूरी बात के नगरपालिका की जो

भूमि है उसको बेचा न जाए और वहां पर मार्किट बनाकर, कालोनीज बनाकर किराये पर दे दी जाएं और वहां से जो आमदनी आए वह उसी नगर की डिवैल्पमैंट के ऊपर लगा दी जाए। चेयरमैन साहब, मैं एक बात और बता देना चाहता हूं कि हम आकटराय ि ाड्यूल को भी रिवाईज करने का रहे हैं क्योंकि उसके अन्दर इवेजन होता है अगर उसको हम सिम्पल और इफेक्टिव बना देंगे तो (ाोर)

श्री मांगे राम गुप्ताः चेयरमैन साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। अभी मिनिस्टर साहब, बोलते हुए जरूरी चीज के लिये जमीन बेचने के बारे में जो कह रहे थे (ाोर)

Mr. Chairman: Please take your seat. This is not a point of order.

चौधरी राम लाल वधवाः तो चेयरमैन साहब, हमने 30 सालों के बाद इस प्रकार से पग उठाने का निर्णय किया है ताकि हम आने वाले सालों में अपने ही प्रयत्नों से सारी समस्याओं का हल कर सकें, हालात को ठीक कर पाएं। धन्यवाद।

ठाकुर बीर सिंहः चेयरमैन साहब, मैं दो प्वायंटस क्लीयर करना चाहता हूं। एक तो सुशमा स्वराज जी ने 300 रुपये ग्रांट देने का उठाया था जिसमें कहा था कि अम्बाला जिला में एक भी केस ऐसा नहीं है जहां किसी को 300 रुपये की ग्रांट दी गई हो। मैं उनकी जानकारी के लिए बता देना चाहता हूं। ....

श्री सभापतिः इन्होंने तो अम्बाला कैंट के बारे में कहा था।

श्रीमती सुशमा स्वराजः अम्बाला जिले की बात नहीं कही थी, अम्बाला छावनी के बारे में कहा था। (व्यवधान) मैंने अम्बाला जिले की कोई ि ाकायत नहीं की, अम्बाला छावनी के बारे में कहा थां

श्री सभापतिः अगर यही प्वायंट है तो इसमें आपको कन्फ्यूजन हो गया है।

चौधरी जगजीत सिंह पोहलूः चेयरमैन साहब, मैं एक मिनट लेना चाहता हूं ....

Mr. Chairman: You are speaking without permission. Please take your seat.

चौधरी जगजीत सिंह पोहलूः चेयरमैन साहब, मैं किसानों के बारेम में थोड़ा सास कहना चाहता हूं .... (व्यवधान)

Mr. Chairman: There are so many kisans in this House.

Chaudhri Jagjit Singh Pohloo: But they should be favourable to them.

Mr. Chairman: All of them are favourable.

विकास तथा पंचायत मंत्री (चौधरी भजन लाल): चेयरमैन साहब, कुछ सदस्यों ने गन्ने के भाव के बारे में चर्चा की। बहुत से सदस्यों ने सदन में बोलते हुए सरकार की सराहना भी की लेकिन कुछ माननीय सदस्यों ने कुछ टीका टिप्पणी भी की। इसके बारे में आपकी मारफत सदन का बताना चाहूंगा कि इस बार हरियाणा प्रान्त में गन्ने का भाव साढ़े 12 रुपये प्रति क्विंटल निि चत किया गया है और पिछले साल साढ़े 13 रुपये प्रति क्विंटल का भाव था।

Rao Birender Singh: On a point of order. There is no demande regarding sugarcane in the Appropriation Bill which we are discussing. What is the necessity for th Hon. Minister to speak irrelevent ? An other member from the opposition wanted to explain his policy which is not relevent to the demands comprising the Appropriation Bill.

Mr. Chairman: This is very much in the demands. Perhaps you have not read the demands.

Rao Birender Singh: Please point out where it is in the demands.

Mr. Chairman: I have myself spoken on it. It is very much relevant to the demands.

चौधरी राम लाल वधवा: चेयरमैन साहब, इन्होंने पढ़ा नहीं है डिमांड नं0 17 एग्रीकल्चर के बारे में है।

सिंचाई एवं विद्युत मंत्री (श्री वीरेन्द्र सिंह): डिमांड नं0 17 इसी चीज पर है जिस पर ये बोल रहे हैं।

चौधरी भजन लाल): पिछले साल साढ़े 13 रुपये प्रति क्विंटल का भाव था जबकि चीनी का भाव 450 रुपये क्विंटल था लेकिन आज मार्किट में चीनी 190 रुपये क्विंटल है। अगर इस रेट का मुकाबला करें तो इस साल 8 रुपये क्विंटल से ज्यादा गन्ने का भाव नहीं हो सकता। लेकिन हरियाणा सरकार ने किसानों के हितों को सामने रखते हुए साढ़े 12 रुपये का भाव दिया है और इस भाव से किसानों को बड़ी खु ी है। मेरे को हजारों लोगों ने बधाई दी है जिससे यह जाहिर होता है कि किसान इस भाव से खु ा है। किसानों को इसकी इतनी खु ी है जिसको बताना कठिन है। इसके साथ साथ चेयरमैन साहब, मैं यह भी बता देना चाहता हूं कि साढ़े 12 रुपये का जो भाव दिया है, इसके परिणामस्वरूप सरकार को 6 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझा उठाना पड़ेगा और मिलों को भी नुकसान रहेगा। एक बात स्वामी जी कह रहे थे, भाायद स्वामी जी खेत में कभी गए नहीं होंगे, इसलिए कह रहे थे। इनकी बात से श्रीमती भाकुन्तला राठी ने जो बात कही, उसमें ज्यादा वजन हैं उन्होंने कहा कि मिल के एरिये से बहार का जो गन्ना है, इसमें किसानों को दिक्कत होती है। इसी दिक्कत को देखते हुए किसानों को राहत देने की बात की गई है कि किसानों को अपने कोहलू और क्रै र लगाने चाहिएं और इसके लिए हमने ग्रांट भी दी है ताकि किसान अपना सारा

गन्ना इस्तेमाल कर सकें। किसी सरकार ने किसानों के लिए ऐसा काम नहीं किया कि कोहलू के लिए पांच सौ रुपये ग्रांट के रूप में दिए हों जिससे किसान अपना सारे का सारा गन्ना पेल सके। इसके साथ ही साथ मैं सदन को सूचित करना चाहता हूं कि हरियाणा प्रान्त में मिलों की तरफ किसी भी किसान को एक भी पैसा बकाया नहीं है जबकि इसके मुकाबिले में यू0पी0 में 40 करोड़ रुपया किसानों का मिलों की तरफ बकाया है। हरियाणा में किसी का एक पैसा भी बकाया नहीं है। जहां तक नई मिलें लगाने का ताल्लुक है, हम चाहते हैं कि लगनी चाहिएं और 5 मिलें लगाने के लिए भारत सरकार को केस भेजा था, लेकिन भारत सरकार मानी नहीं। उनकी भी मजबूरी है। वह इसलिए नहीं मानी कि पिछले दो सालों से चीनी का उत्पादन बहुत ज्यादा हो गया। पिछले साल 65 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ और इसके मुकाबिले में खपत 38 लाख टन है और बाहर से किसी कंट्री की डिमांड चीनी के लिए नहीं है। सिर्फ 5 लाख टन भारत सरकार ने चीनी बाहर भेजी थी उसमें 25 करोड़ का घाटा रहा है। इसलिए मैं आपको सूचित करना चाहता था कि माननीय सदस्य ने जो एतराज किया था उसमें कोई वजन नहीं है।

Mr. Chairman: Question is-

That the Haryana Appropriation (No. 5) Bill be taken into considertion at once.

The motion was carried.

Mr. Chairman: That House will now take up the Bill clause by clause.

Clause 2

Mr. Chairman: Question is-

That clause 2 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Clause 3

Mr. Chairman: Question is-

That clause 3 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Schedule

Mr. Chairman: Question is-

That Schedule be the Schedule of the Bill.

The motion was carried.

Clause 1

Mr. Chairman: Question is-

That clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Enacting Formula

Mr. Chairman: Question is-

That Enacting Formula be the Enacting Formula of the Bill.

The motion was carried.

Title

Mr. Chairman: Question is-

That Title be the Title of the Bill.

The motion was carried.

Finance Minister (Shri Preet Singh): Sir, I beg to move-

That the Haryana Appropriation (No. 5) Bill be passed.

Mr. Chairman: Motion moved -

That the Haryana Appropriation (No. 5) Bill be passed.

Mr. Chairman: Question is-

That the Haryana Appropriation (No. 5) Bill be passed.

The motion was carried.

दि हरियाणा अर्बन डिवैल्पमैंट अथारिटी (अमैंडमैंट) बिल, 1978

Agriculture Minister (Brig. Ran Singh): Sir, I beg to introduce the Haryana Urban Development Authority (Amendment) Bill, 1978.

I also move –

That the Harytana Urban Development Authority (Amendment) Bill be taken into consideration at once.

Mr. Chairman: Motion moved –

That the Harytana Urban Development Authority (Amendment) Bill be taken into consideration at once.

चौधरी जगजीत सिंह पोहलू: चेयरमैन साहब, मैं मंत्री महोदय से रिक्वैस्ट करूंगा कि इस बिल को पहले एक्सप्लेन कर दें कि इसको लाने की क्यों जरूरत पड़ी।

Mr. Chaiman: It is very detailed. You can read it.

श्री सुमेर चन्द भट्ट (नग्गल): चेयरमैन साहब, इस बिल पर जिसको इन्ट्रोड्यूस करने के लिए वजीर साहब ने मो ान पे ा की है, 26 दिसम्बर की तारीख पड़ी है लेकिन आपके रूल्ज आफ प्रोसीजर एंड कंडक्ट आफ बिजनैस के रूल 122 में लिखा है कि –

"Any member desiring to move for leave to introduce a Bill shall give fifteen days' notice of his intention and shall, together with his notive, submit a copy of the Bill and a full statement of obejcts and reasons :-

Provided that the Speaker mya, for sufficeint reasons, allow the motion for leave to introduce a Bill to be made at shorter notice".

चेयरमैन साहब, मेरी अर्ज यह है कि अगर यह बिल बिल्कुल आइसोलेटिड चीज होती तो मुझे कोई एतराज नहीं होता लेकिन इसके बाद जो बिल जा रहा है उसके ऊपर भी 26 तारीख पड़ी है। जो ऐप्रोप्रिए ान बिल यहां पास हुआ उसकी बात ही अलग थी क्योंकि कल उस पर बहस होती रही लेकिन हर बिल जो आ रहा है, कल भी कुछ बिल आए हैं, उस पर जितना टाईम हाउस को देना चाहिएं इन्ट्राड्यूस करने से पहले, वह नहीं दिया गया। (इस समय श्री अध्यक्ष पदासीन हुए।) स्पीकर साहब, आप कुर्सी पर आ गए यह बहुत अच्छी बात हुई।

श्री अध्यक्षः मैं आपकी बात सुनकर ही आया हूं।

श्री सुमेर चन्द भट्ट : स्पीकर साहब, आपने एक अच्छा फैसला लिया जो विधान सभा में एक रिसर्च आफिसर को अप्वायंट किया। मेरी आपसे यह गुजारि ा है कि आप उस आफिसर को यह काम दें कि पिछले डेढ़ साल में जितने बिल हमारे हाउस में इन्ट्रोड्यूस हुए हैं। उनमें से कितने बिलों को 15 दिन के नोटिस पर इन्ट्राड्यूस किया गया और कितने बिलों को यह जो ऐगजैम्प ान है आपकी तरफ से इसको इस्तेमाल किया गया। अफसोस की बात है कि जो रूल था व0ह ऐक्सैप ्शन बन गई और जो ऐक्सैप ान थी वह रूल बन गया। इस चीज की कोई हद

होनी चाहिए। पिछली बार भी यह सवाल मेरे सीनियर दोस्त श्री मूल चन्द जेन जी ने उठाया था और काफी ले दे। इस संबंध में हुई थी। मेरी अर्ज यह है कि यह जो लैजिसले ान प्रोसैस है यह बड़ा गम्भीर मसला है। यह बच्चों का खेल नहीं है। मैंम्बर्ज पर इस हाउस को चलाने के लिए कोई अढ़ाई लाख रुपया महीना सरकार और जनता खर्च करती है। अगर इस लैजिसले ान के प्रोसैस को इतना सीरियसली न लिया जाए तो इस हाउस का और हम सबका यहां बैठने का कोई मतलब नहीं रह जाता। इसलिए स्पीकर साहब, मेरी अर्ज यह है कि अगर आप अपनी इस डिसक्रि ानरी पावर के बारे में, जिसको कि अक्सर इस्तेमाल किया जाता है, यह पालिसी बता दें कि जब तक आप स्पैसिफिक हालात से सैटिसफाइड नहीं होंगे तब तक ऐग्जैम्प ान नहीं दी जाएगी तो गवर्नमैंट अगली बार जब हाउस में बिल लाएगी, इसको अहसास होगा कि इस ऐक्सैप ान का इस्तेमाल बतौर रूल नहीं किया जाएगा। मैं बहुत ज्यादा न कहते हुए सिर्फ इतनी ही प्रार्थना करूंगा कि ऐक्सैप ान को रूल बनने की और रूल को ऐक्सैप ान बनने की इजाजत न दें।

जहां तक इस बिल का सम्बंध है, यह इन्ट्रोड्यूस तो हो चुका है लेकिन कल परसों तक मिनिस्टर साहब को यह ख्याल भी नहीं था कि बिल इन्ट्रोड्यूस भी करना है या नहीं। आज ये कहते हैं कि बिल न सिर्फ इन्ट्रोड्येस हो, इसको कंसिडर भी किया जाए और पास भी किया जाए। इसमें सैन्स आफ अरजैंसी

क्या है यह मेरी समझ में नहीं आता। इसलिए मेरी अर्ज हयह है कि बिल तो इन्ट्रोड्येस हो गया, यह खु ी की बात है कि लेकिन फरवरी में जब सै ान हो उस समय इस पर डिस्क ान हो जाए। यही बात अन्य बिलों के बारे में की जाए ताकि हम सब लोग इनको पढ़ लें, सोच समझ लें। आपस में बातचीत कर लें और लोगों से पूछताछ कर लें। दरअसल जो भी बिल बनता है उसका असर लोगों की डे टू डै जिंदगी पर पड़ता है। इसके अलावा जब हम जल्दी में बिल पास करते हैं तब उसकी अमैंडमैंट या मौडिफिके ान भी हमें उतनी ही जल्दी लानी पड़ती है। इसलिए मेरी प्रार्थना है कि पूरा वक्त मैम्बर्ज को दिया जाए, हाउस को दिया जाए ताकि लैजिसले ान का यह जो हैफाजर्ड प्रासैस है यह बंद हो जाए और जिस काम के लिए यह विधान सभा बैठी है उसको लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए हम कर पाएं।

चौधरी जगजीत सिंह पोहलू: स्पीकर साहब, मैं भी आनरेबल मैम्बर के विचारों के साथ सहमत हूं। स्पीकर साहब, आप भी हमारे पिछले स्पीकर ब्रिगेडियर रण सिह जी की तरह मिल्टरी मैन की स्पिरिट रखते हैं क्योंकि आप भी मिल्टरी मैन और मिल्टरी आफिसर रहे हैं। मेरी आपसे प्रार्थना है कि जो प्रोविजन रूल में रखा गया है उसके मुताबिक कम से कम तैयारी करने का टाईम तो मिलना ही चाहिए। (विघ्न)

उद्योग मंत्री (डाक्टर मंगल सैन): कौन सा रूल है ?

चौधरी जगजीत सिंह पोहलू: यह तो आपको देखना चाहिएं (हंसी) इसलिए स्पीकर साहब, मैं आपसे प्रार्थना करूंगा कि ये बिल्ज को इन्ट्रोड्यूस किए जा रहे हैं, इनको मेहरबानी करके बजट सै ान में रखा जाए। (विघ्न)

श्री अध्यक्षः आप वही बात दोहरा रहे हैं।

चौधरी जगजीत सिंह पोहलू: नई बात भी कह देता हूं। स्पीकर साहब, मैं दावे के साथ कहता हूं कि किसी भी मिनिस्टर को और किसी भी एम0एल0ए0 को इस बिल के बारे में जानकारी नहीं है। हमारे ए़ी0एम0 साहब को भी इसे देखने का टाईम नहीं मिला है। (हंसी) इसलिए इनको पोस्टपोन करके अगले सै ान में लाया जाए।

Mr. Speaker: I would request the Hon.ble Minister to throw some light on this subject.

राव बीरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब, इस संबंध में भी एक अर्ज करना चाहता हूं। मेरे लायक दोस्त श्री भट्ट जी ने जो बात कही वह बिल्कुल ठीक है। हमारी फीलिंग भी यही है क्योंकि इसमें काफी सच्चाई है। हर सै ान में हमें यह बात कहनी पड़ती है क्योंकि हमें बड़ा दु:ख होता है यह देख कर कि बड़ी जल्दबाजी के अन्दर बिल जाए जाते हैं। अब की बार इन्होंने कहा कि हमारे पास बिजनैस नहीं है इसलिए असैम्बली का सै ान नहीं बुलाया जाएगा। भाायद कैबिनैट की मीटिंग में इन्होंने फैसला किया था लेकिन अब बिजनैस जबरदस्ती निकाल रहे हैं। इस सै ान को

बुलाने का मेन मकसद मैं समझता हूं । चवालीसवीं कांस्टिच्यु ानल अमैंडमैंट को, जिसे पार्लियामैंट ने पास कर रख है, पास करना था। स्पीकर साहब, बिल चाहे छोटा हो या बड़ा हो, इम्पौर्टैंट हो या अनाइम्पौर्टैन्ट हो, इसकी सीरियसनैस एक जैसी होती है। इसलिए मैं चाहूंगा कि इन सारे नए मामलों को अभी उठा कर रख लें, ताकि लोग इन्हें पढ़ते रहैं, आप पढ्ते रहें, हम पढ़ते रहें और अगले सैं ान में इन्हें हाउस में ले लाएं। (विघ्न)

(इस समय बहुत से सदस्य बोलने के लिए खड़े हुए।)

श्री अध्यक्षः मिनिस्टर साहब को बोलने दीजिए।

चौधरी रिजक रामः स्पीकर साहब, जो प्वायंट भट्ट साहब और राव साहब ने उठाया है इसके बारे में मेरी भी एक प्रार्थना है। कल बिजनैस ऐडवाइजरी कमेटी की मीटिंग हुई थी। उसमें ये तीनों बिल जो आज यहां लाए गए हैं, नहीं थे।

श्री अध्यक्षः थे। (विघ्न)

चौधरी रिजक रामः अगर थे तो रहने दो। लेकिन मैं एक अर्ज करना चाहता हू। इस पर अगर आप गौर फरमायें तो बहुत अच्छी बात होगी। * * * * * * * * * * । (विघ्न)

मुख्य मंत्री (चौधरी देवी लाल): * * * * *। (विघ्न)

चौधरी रिजक रामः * * * * * । (विघ्न)

चौधरी देवी लालः * * * * *। (विघ्न)

Mr. Speaker: All these irrelevent remarks will be expunged from the proceedings of the House.

Rao Birender Singh: * * * * * (Interruptions)

चौधरी रिजक रामः स्पीकर साहब, आप मैम्बर्ज के राईटस के कस्टोडियन हैं। आज सुबह कुछ मैंम्बर्ज से चीफ मिनिस्टर साहब ने कहा –– (विघ्न)

Mr. Speaker: Chaudhri Sahib, I would request you to please confine yourself to the Bill (Interruptions)

चौधरी रिजक रामः स्पीकर साहब, आप भी मेरी बात को नहीं सुनते। (विघ्न) मैं यह कह रहा था कि मैंने यह सुना है कि सवेरे चीफ मिनिस्टर साहब कह रहे थे कि * * * * *। मैंने इस बात का नोटिस नहीं लिया मगर इस तरह की आजादी अगर आप चीफ मिनिस्टर को देना चाहते हैं तो मैम्बर्ज क्या रास्ता अख्तियार करें ? यह मामूली बात नहीं है। *

*   *   *   *   *   *   *   *   *   *   *

* । (ोर)

Mr. Speaker: All the irrelevent remarks will be expunged from the record .... (Interruptions) ....

चौधरी देवी लालः स्पीकर साहब इनको बोलने की इजाजत नहीं होनी चाहिए।

चौधरी रिजक रामः क्यों नहीं होनी चाहिए ?

चौधरी देवी लालः यह हद से ज्यादा आगे बढ़ रहे हैं। ज्यादा बरदा त नहीं किया जायेगां

चौधरी राम लाल वधवाः स्पीकर साहब ये * *   *   *   *   जो भाब्द चौधरी रिजक राम ने प्रयोग किया है, यह अनपार्लियामैंटरी हैं। यह प्रोसीडिंगज का पार्ट नहीं बनना चाहिए।

Mr. Speaker: All these irrelevent remarks will be expunged from the record.

चौधरी रिजक रामः स्पीकर साहब,जो इन्होंने इररैलेवेन्ट कहा था वह भी तो एक्सपंज होना चाहिए। *   *   *   *   * क्या यह इररैलेवैंट नहीं था।

Mr. Speaker: That will be expunged from the record. At that time itself they were expunged. मैं सभी माननीय सदस्यों से रिक्वैस्ट करता हूं कि हाउस की डिगनीटी को

मेनटेन करें। हाउस की डिगनिटी को मैनटेन करना हमारा सबका फर्ज है। मैं इस सदस्य से प्रार्थना करूंगा कि वे ऐसे भाब्दों का प्रयोग ने करें जो किसी के दिल को ठेस पहुंचायें। एक दूसरे की प्रैस्टीज रखने के लिए मैं सभी को बार बार रिक्वैस्ट करता हूं कि कोई गलत भाब्द को प्रयोग न करें। मैं आपकें सामने एक बात और प्वायंट आउट करना चाहता हूं कि यह मैंटर जो अंडर डिस्क ान है इसमें कोई भाक नहीं है कि रूल्ज के मुताबिक 15 दिन पहले बिल इन्ट्रोड्यूस होना चाहिए। लेकिन पिछले 8—10 साल के रिकार्ड को चैक करने से पता चलता है कि एक प्रैसिडेंट बन गया है और जो प्रैसिडेंट दस साल तक चलता रहे, वह एक कानून की भाक्ल अख्तियार कर लेता है। इस बात से मैं किसी तरह भी सहमत नहीं हूं। पिछले दिनों एमरजैंसी के टाईम पर या किसी और वजुहात से ये बातें होती रही हैं। मैं चाहूंगा कि जो असल कानून है उसके अनुसार ही बिल पे ा किये जायें। इसमें कोई भाक नहीं है कि पहले सै ान के लिए कोई बिजनैस नहीं था लेकिन आखिरी मिनट पर बहुत सारे मैम्बरान की तरफ से जब यह रिक्वैस्ट आई कि सै ान बुलाया जाये तो उन्होंने सब की रिक्वैस्ट को मान कर यह सै ान बुलाया। यह एमरजैंट तौर पर सै ान बुलाया गया। जब भी मेरे पास कोई बिल आया है, मैंने इस दफा हर बिल के स्पैसिफिक रीजन काल फार किये हैं कि इस वजह से यह बिल पहले नहीं आ सका। इस दफा कोई विंटर सै ान बुलाने की आव यकता महसूस नहीं होती थी लेकिन फिर भी बुलाया गया। Still I am prepared to consider the sense of

the House and would request the Hon. Minister to make a statement stating the reasons for bringing this Bill.

चौधरी उदय सिंह दलालः आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर।

। (विघ्न)

श्री अध्यक्षः यह कोई प्वायंट आफ आर्डर नहीं है। आप अपनी सीट अख्तियार करें। यह सारा एक्सपंज कर दिया जाये।

चौधरी रिजक रामः दलाल साहब मुझे आपकी सारी हिस्टरी का पता है। .... (विघ्न)

ब्रिगेडियर रण सिंहः स्पीकर साहब, इस बिल के बारे में कुछ बातें कलेरीफाई करना चाहता हूं। स्पीकर साहब, पहले चीफ मिनिस्टर साहब का इरादा सै ान बुलाने का नहीं था लेकिन मैम्बर साहेबान ने रिक्वैस्ट की तो उन्होंने सै ान बुला लिया। जब सै ान आ गया तो हमें ख्याल आया कि इस दौरान में हमें पब्लिक की भी भलाई करनी चाहिए। किसी कारण से पब्लिक को तकलीफ है तो वह दूर होनी चाहिए। तो यह जो बिल आया है यह कोई बिल नहीं है यह तो एक मामूल सी अमैंडमैंट है। मैंने इस विचार से इस अमैंडमैंट को लाना जरूरी समझा कि इससे हमारी पब्लिक का फायदा होगा।

दूसरी बात यह है कि कल भी ये बातें बिजनैंस एडवाइजरी कमेटी में डिस्कस हुई थीं। वहां पर अपोजी ान की तरफ से मैम्बर हाजिर थे। चौधरी रिजक राम जी बड़े सीनियर मैम्बर हैं, वे भी हाजिर थे। मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि उनकी याद इतनी भी नहीं है कि यह चीज वहां पर कल डिस्कस हो चुकी है। मैं समझता हूं कि जो हाउस की बिजनैस एडवाइजरी कमेटी है, वह सब को रिप्रेजेन्ट करती है। उसमें जो भी फैसला लिया जाये उसको मानना हर सदस्य का फर्ज है।

Shri Sumer Chand Bhatt: What is the House meant for then ?

Brig. Ran Singh: What is the Business Advisory committee meant for ?

Shri Sumer Chand Bhatt: It is a recommendatory body.

Brig. Ran Singh: Why did you adopt the Report of the Committee ?

Mr. Speaker: Mr. Bhatt, I would request you to address your remarks to me.

Brig. Ran Singh: It is very unfair स्पीकर साहब, आप देखिए यह कोई बिल नहीं है। मैं आपको एक छोटी सी बात बताऊं। जो लोग प्लाटस के लिए अप्लाई करते हैं उनको अलाटमैंट के बारे में चीफ एंड मिनिस्ट्रेटर के पास चण्डीगढ़ आना पड़ता है। लोग गुड़गांवा और हिसार से चण्डीगढ़ आते हैं। अब सरकार ने फैसला

किया है कि वे पावर्ज वहीं पर दे दी जायें ताकि लोगों को यहां न आना पड़े। केवल एक मिनट की बात है। कोई लम्बी चौड़ी कहानी नहीं है। दूसरी बात यह है कि फर्ज करो किसीन ने मकान बनाया है और मकान बनाते वक्त उसने नक ो की खिलाफवर्जी की है तो उसका प्लाट रिज्यूम कर लेते थे लेकिन अब रिज्यूम करने की बात नहीं है। अब सरकार ने फैसला किया है कि उस पर दस बीस रुपये जुर्माना कर दिया जाये और उसका प्लाट रिज्यूम न किया जाये। आप सब लीोग बड़े सुमझदार हैं, छोटी सी बात है। बिना सोचे समझे बात करें तो अच्छा नहीं। इससे पब्लिक का फायदा है। इसलिए मैं रिक्वैस्ट करूंगा कि इस बिल को पास कर दिया जाये ताकि आम जनता की मदद हो सके।

स्वामी अग्निवे ा: अध्यक्ष महोदय, सारे प्रसंग में ....

Mr. Speaker: Please make it brief.

स्वामी अग्निवे ा: स्पीकर साहब, मैं ब्रीफ ही कर रहा हूं। बड़ा आ चर्य हो रहा है बड़ा महत्त्वपूर्ण काम पिछले दो अढ़ाई दिन से किया जा रहा है। 8 करोड़ रुपये की अनुपूरक मांगें पास हुई हैं और बहुत सारे बिल भी आये हुये हैं। अभी संविधान सं ाोधन बहस होना भी बाकी है जो कि मुख्य मुद्दा है। सबसे प्रमुख चीज जिसके ऊपर हमारी जनता पार्टी की सरकार की जो परफारमैंस दिखायी देती है, उसे भी हमने अभी रैटीफाई करना हे। सैंट्रल गवर्नमैंट ने जो हिम्मत दिखायी ....

Mr. Speker: You are talking irrelevent. This has not relevency with this Bill (Interruptions)

स्वामी अग्निवे ाः अध्यक्ष महोदय, मुझे कहने दीजिये। पौने दो बज ने जा रहे हैं। अभी आपके सामने यह बिल पास होना है, इसके अलावा एक और बिल है। फिर आधे घंटे की डिस्क ान है। मुख्य मंत्री महोदये ने जवाब देना है। उसके बाद रैटीफिके ान की चीज आयेगी। अब आप ही देखिये हम सब लोग सुबह साढ़े नौ बजे से बैठे हैं। अभी हमने भोजन भी करना है। यदि आप यह सारा काम इसी समय भूखे पेट कराना चाहें, तो रैटीफिके ान पर भी लोग बहस करने की बजाये छोड़ कर चले जायेंगे। इसलिये मैं आपसे रिक्वैस्ट करूंगा .....

श्री अध्यक्षः स्वामी जी, मैं आपसे यह कहूंगा कि हमारे दे ा के किसान और जवान 24 घंटे ही नहीं बल्कि 48–48 घंटे बैठे रहते हैं। अगर हम एयर कंडी ान्ड कमरे के अन्दर 4 घंटे फालतू लगा लें तो कोई जुल्म की बात नहीं है।

स्वामी अग्निवे ाः मेरी रिक्वैस्ट यह है कि अगर आप हाउस को आधे घंटे के लिये एडजर्न कर दें फिर हम चाहे रिज्यूम करके हाउस को 5 बजे या 6 बजे तक चलायें तो अच्छा रहेगा ....

Mr. Speaker: If that is the sense of the House, I will be the first to accpet it.

स्वामी अग्निवे ा: आप आधे घंटे के लिये एडजर्न कर दें। फिर चाहे 4 बजे तक की बजाये बे ाक 6 बजे तक चलायें।

Mr. Speaker: I suggest that यह छोटा सा बिल है, let us consider it and after that if the House accepts (Interrupstions)

चौधरी राम लाल वधवा: स्पीकर साहब, छोटा सा बिल है, इसके अलावा एक और बिल है ....

श्री अध्यक्ष: अगर आप सब चाहते हैं तो ....

चौधरी राम लाल वधवा: स्पीकर साहब, यह जो एक दो बिल हैं, ये बहुत छोटे छोटे बिल हैं। एक एक लाईन के बिल हैं। एक बिल और रह गया है जो कि एक लाई का बिल है, उसके बाद आप बे ाक आधे घंटे के लिये लंच के लिये ब्रेक कर लें और फिर उसके बाद हम रिज्यूम कर लेंगे।

Brig. Ran Singh: Some of the members waste more time by interfereing, otherwise by this time we would have passed these Bills.

Mr. Speaker: Would you like to speak or any-body else would like to speak on this Bill ?

No member rose to speak)

Mr. Speaker: Question is –

That the Haryana Urban Deveplopment Authority (Amendment) Bill, be taken into consideration at once.

The motion was carried.

Mr. Speaker: Now the House will take up the Bill clause by clause.

Clause 2

Mr. Speaker: Question is –

That clause 2 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Clause 3

Mr. Speaker: Question is –

That clause 3 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Clause 1

Mr. Speaker: Question is –

That clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

The Enacting Formula

Mr. Speaker: Question is –

That Enacting Formula be the Enacting Formula of the Bill.

The motion was carried.

Title

Mr. Speaker: Question is –

That Title be the Title of the Bill.

The motion was carried.

Mr. Speaker: Now the Hon. Minister may kindly move the motion.

Agriculture Minister (Brig. Ran Singh): Sir, I beg to move-

That the Haryana Urban Deveplopment Authority (Amendment) Bill, be passed.

Mr. Speaker: Motion is –

That the Haryana Urban Deveplopment Authority (Amendment) Bill, be passed.

Mr. Speaker: Question is –

That the Haryana Urban Deveplopment Authority (Amendment) Bill, be passed.

The motion was carried.

Mr. Speaker: Now I would like to take the sense of the House. Should we take the other Bill into consideration (Interruptions)

Voices: Yes. yes.

चौधरी जगजीत सिंह पोहलू: स्पीकर साहब, क्यों घास काटो ?

श्री अध्यक्ष: जब हाल बाहने निकलते हो तो दो घंटे तो ऐसे ही निकल जाते हैं। (व्यवधान व भाोर)

दि हरियाणा म्युनिसिपल (सैंकिंड अमैंडमैंट) बिल, 1978

Local Government Minister (Chaudhri Ram Lal Wadhwa): Sir, I beg to introduce the Haryana Municipat (Second Amendment) Bill, 1978.

Sir, I also beg to move –

That the Haryana Municipal (Second Amendment) Bill be taken into consideration at once.

Mr. Speaker: Motion moved –

That the Haryana Municipal (Second Amendment) Bill be taken into consideration at once.

May I request the Hon. Minister to make an explantory statement so that the people may not have .... (Interruptions.)

राव बीरेन्द्र सिंह: स्पीकर साहब, यह तो मैम्बरों को होस्टेज बनाकर बिल पास कराने जा रहे हैं।

श्री अध्यक्ष: राव साहब, मैंने तो पूछा था कि अगर सैंस हाउस की यह हो ....

राव बीरेन्द्र सिंह: एक तो मैं यह कहना चाहता हूं कि चौधरी देवी लाल को वह बात याद है जब हम हाउस को इस तरह चलाने को अपोज करते थे। मैंबरों को गुस्सा भी तभी आता है जब उन्हें भूख लगी होती है। इसलिये भूखे मैम्बरों से काम नहीं लेना चाहिये। भाान्ति से विचार करो। भाान्ति से काम कराओ। ....

चौधरी राम लाल वधवा: स्पीकर साहब, मैं इसको एक्सप्लेन कर देता हूं। इस पर कल भी डिस्क ान हो चुकी है। .... (व्यवधान व भाोर)

राव बीरेन्द्र सिंह: आप मैम्बरों को भूखे रख कर यह कहें कि वह पास कर दें, यह बड़ा जबर और जुल्म है।

Mr. Speaker: Let the Hon. Minister make na explanatory statement. If it is something very simple then we will consider it. If it is something on which you want to have discussion then we will take it up after lunch.

स्थानीय भाासन मंत्री (चौधरी राम लाल वधवा): स्पीकर साहब, बड़ा सिम्पल क्वै चन है। यहां पर पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार जिस में राव साहब अब भाामिल हुए हैं। हाउस टैक्स और प्रौपर्टी टैक्स को 1–4–1976 से मर्ज कर गयी थी। (ाोर व व्यवधान)

राव बीरेन्द्र सिंहः मैं तो उलटा अपनी पार्टी में गया हूं। वह जनसंघ आल इंडिया वाला कहां गया ? (ाोर व व्यवधान)

चौधरी राम लाल वधवाः जनता पार्टी के रूप में सामने खड़ा है। स्पीकर साहब, हाउस टैक्स और प्रौपर्टी टैक्स मर्ज करके पिछली सरकार ने लोगों को कोई रिलीफ नहीं दी थी। 10 परसैंट हाउस टैक्स और 10 परसैंट प्रौपर्टी मिला कर 20 प्रति ात कर दिया था। जब इन्होंने देखा कि हम जाने वाले हैं तो जाते जाते यह पास कर दिया कि प्रौपर्टी टैक्स को खत्म किया जाता है और हाउस टैक्स चार्ज किया जाये। जब यह प्रौपर्टी टैक्स और हाउस टैक्स को मर्ज किया गया था तो उस समय सैक ान 101 (ए) म्यूनिस्पिल एक्ट में डाला गया था कि जब प्रौपर्टी टैक्स चार्ज नहीं होगा, हाउस टैक्स चार्ज होता रहेगा तो इस एक्ट में 101 (ए) सैक ान की कोई आव यकता नहीं रह जाती है। इसलिये कवेल इसमें से सैक ान 101 (ए) को डिलीट करने वाली बात है। .... (व्यवधान व भाोर) . या तो आप कहें कि मैं विरोध करता हूं या कहे कि मैं इसको स्पोर्ट करता हूं।

श्री मांगे राम गुप्ता (जीन्द): स्पीकर साहब, यह अमैंडमैंट उस वक्त आयी है जब मैंने मंत्री महोदय से इस बारे में सवाल किया कि हाउस टैक्स वसूल जो किया जा रहा है, वह बिल्कुल इल्लीगत है और इससे इल्लीगली उन लोगों को फायदा हो रहा है जो लोग कानून को समझते हैं, कोट्र में जा सकते हैं। आम लोगों को इससे

बड़ा भारी नुक्सान हो रहा है। उसको दरूस्त करने के लिये मंत्री महोदय जो यह अमैंडमैंट लाये हैं ....

श्री अध्यक्षः इसका श्रेय आपको जाता है। ....

श्री मांगे राम गुप्ता : स्पीकर साहब, जहां पर यह कह रहे हैं कि पिछली सरकार ने 10 परसैंट प्रौपर्टी टैक्स और 10 परसैंट हाउस टैक्स को कर्ज करके 20 परसैंट कर दिया था, स्पीकर साहब, मैं आपके द्वारा यह अर्ज करना चाहता हूं कि आम जनता को प्रौपर्टी टैक्स 20 परसैंट लगने से भी फायदा है। उसका कारण क्या है ? उसका कारण यह है कि प्रौपर्टी टैक्स लगने की वजह से हर आदमी को अपने एक मकान पर टैक्स की छूट थी, उस पर कोई प्रौपर्टी टैक्स नहीं लगाता था। आप आज देखते हैं कि कितने परसैंट आदमी ऐसे हैं जिनके पास एक मकान है। मेरा ख्याल यह है कि 70 परसैंट के करीब आदमी ऐसे हैं जिनके पास एक मकान है और जिन्हें इस वजह से प्रौपर्टी टैक्स से छूट थी। कहने का मतलब यह है कि उनके ऊपर ही प्रौपर्टी टैक्स नहीं लगता था। जिनके पास कई मकान हैं यानी ज्यादा प्रौपर्टी है, उनके ऊपर ही प्रौपर्टी टैक्स लगता था। यह फायदा आम जनता को था। उस फायदे को दूर करने के लिये यह जो अमैंडमैंट लायी गयी है कि हाउस टैक्स लगना चाहिये तो इस हाउस टैक्स के लगने की वजह से तो भाहर के अन्दर रहने वाला कोई भी मकान मालिक बच नहीं सकता। स्पीकर साहब, मेरी अर्ज यह है कि ये ऐसा न समझें कि कमियां दूर हो जायेंगी। मैं यह बताना चाहता हूं कि जो कानून को समझते हैं वे इस बात का

फायदा उठाएंगे। यह हाउस टैक्स भी इल्लीगल रहेगा। जो लोग कोर्ट में गए हैं यह भी उनके हक में जाएगा। क्योंकि म्युनिस्पिल एक्ट में यह है कि जब लिस्ट फाइनल हो जाए तो गवर्नमैंट पब्लि ा करेंगी। पब्लिके ान के बाद एक महीने की मियाद मिलेगी उस दौरान लोग आबजैक ान देंगे। आबजैक ान सुनने के बाद फाइनल किया जाएगा और फिर उसका गजट नोटिफिके ान हो जाएगा। आज मेरी सरकार इस बार पर चल रही है कि यह 1–4–1977 से लागू हो जाएगा। हो सकता है कि आपकी तरफ से ठीक करने की कोि ा ा की गई हो लेकिन जो कानून को समझते हैं और म्यूनिसिपल एक्ट के तहत जो धारा हैं, हाउस टैक्स लगाने से पहले उसको देखना चाहिए। वरना लोग कोर्ट का सहारा लेंगे और जो गरीब जनता है, जिन्हें कानून का पता नहीं है वे ही लोग कुचले जाएंगे। मेरी दरखास्त है कि प्रौपर्टी टैक्स वाली जो बात है उसको गहराई से सरकार सोचे। मंत्री महोदय यह भी कहते हैं कि पिछली सरकार ने यह लगाया था। हम तो पिछली सरकार के भी विरोधी थे और हमारी आज भी बदकिस्मती है कि हम आज भी उसके विरोधी हैं। हमें तो चापलूसी की आदत नहीं। प्रौपर्टी टैक्स में यह है कि हाउस टैक्स को खत्म कर दिया जाये। छोटे आदमी को अगर फायदा करना है तो हाउस टैक्स खत्म करके प्रौपर्टी टैक्स दोबारा लगा दो इससे आम आदमी या गरीब आदमी को फायदा होगा। अगर यह हाउस टैक्स लगाना चाहते हैं तो पहले प्रौपर्टी टैक्स को खत्म करना चाहिये और फिर हाउस टैक्स लगा सकते हैं। आप एक ही टैक्स लगा सकते हैं। अगर आपने हाउस टैक्स को जबरदस्ती लगाना है

और अगर आप यह समझते हैं कि गरीबों का फायदा नहीं करना है तो मेरी दरखास्त है मेरी एक अमैंडमैंट ऐड कर लें कि जो लोग म्युनिस्पिल कमेटी के एक्ट के तहत जो म्युनिस्पिल कमेटी एरिया में मकान बना लेते हैं और उसको कोई सहूलियत जैसे उसका कूड़ा उठाने वाला नहीं है या म्युनिस्पिल कमेटी की तरफ से उनको कोई सहूलियत नहीं मिल रही हैं तो उस मकान मालिक से हाउस टैक्स वसूल न किया जाए। अगर आप आम लोगों को फायदा पहुंचाना चाहते हैं तो सबसे पहले हाउस टैक्स को खत्म करके प्रौपर्टी टैक्स लगा दिया जाए और मेरी एक अमैंडमैंट ऐड कर दी जाए कि जिन लोगों को म्युनिस्पिल कमेटी की तरफ से कोई सहूलियत नहीं दी जाती जब तक उन पर कोई टैक्स नहीं लगना चाहिये। अगर आप इस बात को सुनेंगे तो इससे उनका फायदा होगा।

श्री भाम ोर सिंहः अध्यक्ष महोदय, बिजनैस एडवाइजरी कमेटी में इस बिल का जिक्र आया था और मैं आपके नोटिस में लाना चाहता हूं कि यह बिल उनको आज मौरनिंग मैं छः बजे कोई आदमी देकर आया है। बिजनैस ऐडवाइजरी कमेटी में पार्लियामेन्टरी मिनिस्टर ने कहा था और आज भी कहा था कि सिर्फ एक सैक ान को हम रिमूव करना चाहते हैं और जैसा कि मांगेराम गुप्ता जी ने कहा है कि इससे कुछ थोड़े से ही लोगों को फायदा होगा। पहले 75 परसैंट मकान प्रौपर्टी टैक्स से ऐग्जेम्पट थे। इसका मतलब यह हुआ कि बिजनैस एडवाइजरी कमेटी के सामने जो बात आई थी वह मिसलीडिंग थी। अगर वास्तव में यही स्थिति है तो अध्यक्ष, इस

समय इसको डैफर किया जाए ताकि मैम्बरों को विचार करने का पूरा मौका मिल सकें।

चौधरी राम लाल वधवाः स्पीकर साहब, श्री मांगे राम ने दो प्वायंट रेज किए हैं। पहला तो यह है कि आम आदमी को इसका फायदा नहीं है और दूसरा प्वायंट यह कि पहले प्रौपर्टी टैक्स एक मकान पर माफ होता था। मैं सदन को बताना चाहता हूं कि प्रौपर्टी टैक्स से अगर एक मकान माफ होता था तो एक कोठी वाला भी उसमें आ जाता था जो लाखों रुपये की होती थी और उसको भी ऐग्जेम्प ान मिलती थी। जितने अमीरों के मकान होते हैं उतने गरीबों के मकान नहीं होते।

श्री मांगे राम गुप्ताः मंत्री महादेय एक तजुर्बेकार आदमी है और उन्होंने कहा है कि एक लाख की कोठी भी प्रौपर्टी टैक्स से ऐग्जेम्पट थी। मैं कहना चाहता हूं कि एक लाख की कोठी ऐग्जेम्पट नहीं थी।

चौधरी राम लाल वधवाः एक रेजिडें ायल बिल्डिंग जिसके पास होगी वह भी ऐग्जेम्पट होगी। स्पीकर साहब, मैं सदन को बताना चाहता हूं कि जहां तक हाउस टैक्स का ताल्लुक है कांग्रेस सरकार ने उसको लगाया था हम तो उसको वसूल कर रहे हैं। जनता पार्टी इस बात के लिये वचनबद्ध है कि हमने गरीब, मजदूर और लेबर के लिये रियायत देनी है और मैंने विभाग का चार्ज

लेने के बाद गरीब लोगों की रियायत देने के लिये कदम उठाए हैं। यह रियायत कांग्रेस सरकार के वक्त 120 रुपये थी ....

चौधरी जगजीत सिंह पोहलू: आन ए प्वायंट आफ आर्डर स्पीकर साहब, हाउस टैक्स और प्रौपर्टी टैक्स का बड़ा सीरियस मामला है। इससे कोई गरीब आदमी बच नहीं सकता। स्पीकर साहब, इस बिल को सवेरे बांटा गया है। किसी ने नहीं पढ़ा है।

Industries Minister (Dr. Mangal Sein): He is unnecessarily obstructing the House.

Chaudhri Jagjig Singh Pohloo: It is an important matter.

Mr. Speaker: Mr. Pohloo, please sit down. If you want to speak on the Bill, you will be given an opportunity. But do not bring it under the guise of a point of order.

चौधरी राम लाल वधवा: जनता सरकार ने इस बात का निर्णय लिया कि हम गरीबों के लिये काम करेंगे इसलिये इस विभाग का चार्ज लेने के बाद मैंने सोचा कि यह एग्जेम्प ान सब को मिलनी चाहिये। किसी एक को नहीं मिलनी चाहिये। कांग्रेस सरकार के जमाने में म्युनिसिपल एरिया में जिस मकान का रेट 120 रुपया सालाना था वह हाउस टैक्स से ऐम्जेम्पट था अब हमने उसको बढ़ाकर 600 रुपया सालाना कर दिया है। नोटिफाइड एरिया में यह साठ रुपया था और इसको बढ़ाकर तीन सौ रुपया कर दिया है। दूसरा प्वायंट श्री गुप्ता ने यह रेज किया कि 75 परसैंट लोगों को

लीगल कम्पलीके ान होगी। स्पीकर साहब, मैं हाउस को बताना चाहता हूं कि कोई लीगल कम्पलीके ान नहीं होगीं मैंने कल सैक ान 101 हाउस में पढ़ कर सुनाया था कि जब प्रौपर्टी टैक्स चार्ज हो रहा होगा तो हाउस टैक्स चार्ज नहीं होगा। यह अननसैसरी सैक ान था इसलिये इसको डिलिट कर रहे हैं।

चौधरी जगजीत सिंह पोहलू: स्पीकर साहब, रूल 129 क्लाज 'सी' के प्रोवाइजों में क्लीयर लिख है और मैं रूल कोट करता हूं। उसमें लिखा है कि –

"Provided that no such motion shall be made until copies of the Bill have been made available for the use of members and that any member may object to any such motion being made unless copies of the Bill have been so made available for five clear days before the day on which the motion is made ...."

Mr. Speaker: Mr. Pohloo, I have already given a ruling on this matter.

चौधरी जगजीत सिंह पोहलू: स्पीकर साहब, रूल बड़ा क्लीयर है कि पांच दिन पहले बिल्ज की कापी मैम्बर्ज को मिलनी चाहिये।

14.00 बजे

श्री अध्यक्षः पोहलू साहब, आप आधा रूल पढ़ते हैं, पूरा क्यों नहीं पढ़ते ? (ाोर)

चौधरी जगजीत सिंह पोहलूः स्पीकर साहब, मेरी समझ में नहीं आता कि सरकार बिल को पास करवाने की इतनी जल्दी क्यों कर रही है ? क्या कोई दे ा के ऊपर मुसीबत है, दे ा पर कोई बमबारी तो नहीं हो रही है जिसके कारण सरकार को इतनी जल्दी पड़ी हुई हैं (ाोर)

श्री अध्यक्षः आपने जो कुछ भाुरू यह कर रखा है क्या यह बमबार्डमैंट से कुछ कम है ? मैंने पहली ही क्लीयर कर दिया है कि मैंने हर बिल के ऊपर सरकार से एक्सप्लेने ान मांगी है कि सरकार के देरी से बिल लाने के क्या कारण हैं और वह कारण आपके सामने रखे गये। (ाोर एवं व्यवधान)

Chaudhri Jagjit Singh Pohloo: We want justice here. These should not be perpetuated at all. स्पीकर साहब, आपको पावर हे कि आप ग्रेट रीजन देकर इसको वेव कर सकते हैं।

Dr. Mangal Sein: He has cast an aspersion on the Chair. (Interruptions)

Mr. Speaker: Your remarks have been noted down and I will give them due consideration. Now I would like to take the sense of the House. इस आइटम पर डिस्क ान करने के लिये काफी टाईम मिल चुका है, अगर हाउस की सेन्स हो तो इसके लिये और समय दे दिया जाये या इसको पास कर दिया जाए।

आवाजेंः नहीं जी, आप इसको पास करें।

श्री मांगे राम गुप्ता: अध्यक्ष महोदय, अभी मंत्री महोदय ने यह फरमाया है कि हरियाणा में प्रोपर्टी टैक्स भुरू नहीं हो रहा है, इसलिये हाउस टैक्स लगाया जा रहा है, वे गलत कह रहे हैं। आज सारे हरियाणा के ऊपर प्रौपर्टी टैक्स लगा हुआ है। अगर सरकार हाउस टैक्स लगाना चाहती है तो पहले प्रौपर्टी टैक्स को खत्म करने का बिल लाये, उससे पहले यह हाउस टैक्स न लगाया जाए। (ोर)

Mr. Speaker: I have taken the sense of the House. Now I would put the motion to the vote of the House (Interruptions)

Question is-

That the Haryana Municipal (Second Amendent) Bill cluase by clause.

Clause 2

Mr. Speaker: Question is –

That clause 2 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Clause 3

Mr. Speaker: Question is –

That clause 3 stand part of the Bill.

The motion was carried.

Clause 1

Mr. Speaker: Question is –

That clause 1 stand part of the Bill.

The motion was carried.

The Enacting Formula

Mr. Speaker: Question is –

That Enacting Formula be the Enacting Formula of the Bill.

The motion was carried.

Title

Mr. Speaker: Question is –

That Title be the Title of the Bill.

The motion was carried.

Mr. Speaker: Now I would request the Hon. Minister to move the next motion.

Local Government Minister (Chaudhri Ram Lal Wadhwa): Sir, I beg to move-

That the Haryana Municipal (Second Amendent) Bill cluase by clause.

Mr. Speaker: Motion moved-

That the Haryana Municipal (Second Amendent) Bill cluase by clause.

Shri Shamsher Singh (Narwana): Speaker Sahib, I want to speak .... (Interruptions)

स्पीकर साहब, अभी मंत्री जी ने जवाब देते हुए यह बात कही कि इस अमैंडमैंट के द्वारा वह सैक ान 101 को डिलीट करना चाहते हैं यह कोई खास बात नहीं है। मैं आपके द्वारा मंत्री महोदय से व सरकार से कहता हूं कि एक तरफ तो वह यह दलील देते हैं कि इस बिल की इतनी अमरजैंसी नहीं है, वह इसको केवल डिलीट करना चाहते हैं, और दूसरी तरफ वह इस बात के लिये इतने कीन हैं कि वह इस बिल को पास करवाने के लिये यह चाहते हैं कि बिल को र ा थ्रू कर दिया जाए, मेरी समझ में यह बात नहीं आई। स्पीकर साहब, ऐसा मालूम होता है कि इसके अन्दर जरूर हैन्की पैंकी है कि जो 70 परसैंट गरीबों को फायदा मिला हुआ है इससे उन लोगों को डिपराईव करना चाहते हैं और जो अमीर लोग हैं उनको इस के द्वारा रिलीफ देना चाहते हैं इसलिये मेरी आपसे दरखास्त है कि सरकार का जो बिल को र ा थ्रू करने का मकसद है इससे सरकार पर और मिनिस्टर के फंक ानज पर रिफलैक ान है इसलिये यह अच्छा होगा कि सरकार इस बिल को वापिस ले ले और मैम्बर साहेबान को टाईम दिया जाए। 26 तारीख को सरकार ने यह पब्लि ा किया और आज यह ऐजण्डे पर दिया गया है, जिसके कारण मैम्बरों को इसके ऊपर सोच विचार करने का मौका ही नहीं मिला। (ाोर)

श्री मूल चन्द जैन (संभालका): स्पीकर साहब, मैं इस बिल पर मखातलिफ सदस्यों की बहस सुन रहा था। अब यह तीसरी रीडिंग है। मंत्री महोदय से मैं यह जानना चाहता हूं कि जब से धारा 101 म्युनिसिपल एक्अ में इंट्रोडयूस हुई है तब से प्रौपर्टी टैक्स की वसूली बन्द हो गई है। अगर इसको डिलीट करेंगे तो क्या इससे हमारी स्टेट में प्रौपर्टी टैक्स की वसूली भाुरू नहीं हो जाएगी ? इस एक्ट का यह असर हो जाएगा कि अब तक तो यह पोजी ान थी कि प्रौपर्टी टैक्स वसूल नहीं हो रहा था क्योंकि सैक ान 101 ए म्युनिसिपल एक्ट में था। अब इस सैक ान को डिलीट कर रहे हैं। डिलीट करने का नतीजा यह होगा कि कुदरती तौर पर इधर हाउस टैक्स भी वसूल होगा और उधर प्रौपर्टी टैक्स भी वसूल होगा। अगर सरकार की यह मन ाा है तो सरकार इस काम को करे लेकिन सरकार की अगर ऐसी मन ाा नहीं है तो इस सैक ान को डिलीट न किया जाए। अगर मैं गलता हूं तो वे मुझे बताएं– (ाोर)–

Mr. Speaker: I can only say that if there is any doubt regarding the provision of the Bill, the Government may like to have more time to consider the matter.

स्थानीय भाासन मंत्री (चौधरी राम लाल वधवा): स्पीकर साहब, हमारे आनरेबल मैम्बर श्री सुरजेवाला ने जो कहा उसके बारे में। मैं यह कहना चाहता हूं कि बिजनैस एडवाइजरी कमेटी की मीटिंग में भी मौजूद थे, यह सब कुछ इनके सामने पास हुआ है, तभी यह बिल आज यहां पर लाया गया है। वे खुद कह रहे हैं कि सरकार यह बिल यहां पर क्यों लाई है यहां तो केवल यही कहा गया

है कि सैक ान 101 को डिलीट किया जा रहा है (ाोर) दूसरे मेरे मोहतरिम दोस्त श्री मूल चन्द जैन जी ने भी एक बात कही इसलिये मैं हाउस में सैक ान 101 को एक बार फिर पढ़ देना चाहता हूं उसमें लिखा है कि –

"101-A. No tax payable by the owner on building and lands shall be imposed, levied and charged under this Act in any rating area during the period under sub-section (1) of section 3 of the Punjab Urban Immovable Property Tax Act, 1940, is charged, levied and paid in such area:

स्पीकर साहब, यह सैक ान बहुत क्लीयर है। माननीय सदस्य कह रहे थे कि हाउस टैक्स खत्म करके प्रौपर्टी टैक्स में मर्ज कर दिया गया है। सरकार ने फैसला किया है कि प्रौपर्टी टैक्स खत्म करके हाउस टैक्स चार्ज किया जाए। इसके अन्दर आलरैडी क्लाज सैवन्थ थी कि अगर इम्मूवेबल अर्बन प्रौपर्टी टैक्स के नीचे हाउस टैक्स चार्ज किया जा रहा है तो हाउस टैक्स चार्ज नहीं होगा। इस समय यह क्वै चन नहीं है कि हाउस टैक्स चार्ज न करने से प्रौपर्टी टैक्स चार्ज नहीं होगा या चार्ज करने से प्रौपर्टी टैक्स चार्ज हो जाएगा। यह क्लास तो सिम्पल अब प्रौपर्टी टैक्स चार्ज नहीं हो रहा, हाउस टैक्स चार्ज होगा, इसको सैप्रेट कर दिया गया है, इसलिये इस सैक ान की आव यकता नहीं है, यह अननसैसरी इस एक्ट में खड़ा है और फण्डामैंटल चीज को समाप्त कर दिया गया है। यह तभी डाला गया था जब हाउस टैक्स को निकाल कर प्रौपर्टी टैक्स में मर्ज कर दिया गया था और तब इस सैक ान की आव यकता

पड़ी थी अदरवाईज इस सैक ान की जरूरत नहीं थी। आज जब यह फैसला कर दिया गया है कि हाउस टैक्स चार्ज होगा तो इस सैक ान की आव यकता नहीं है।

विकास तथा पंचायत मंत्री (चौधरी भजन लाल): दोनों टैक्स नहीं लगने चाहियें, इसको आप देख लें।

चौधरी राम लाल वधवा: इस समय एक टैक्स लगा है, हाउस टैक्स तो लगा ही नहीं है।

कई सदस्य एक साथ: इससे तो दोनों ही लगेंगे।

चौधरी राम लाल वधवा: मुख्यमंत्री जी ने इस बात को स्वीकार किया है और मैं बता देना चाहता हूं कि हाउस टैक्स लगेगा, प्रौपर्टी टैक्स नहीं लगेगा। (व्यवधान)

श्री मूल चन्द जैन: अभी मंत्री महोदय ने जो हाउस में अ योरैंस दी है, इसकी इम्पली मैंटे ान तभी होगी जब सरकार अगले बजट सै ान में प्रौपर्टी टैक्स एक्ट को रिपील करने के लिये बिल लाएगी, तभी यह अ योरैंस इम्पलीमेंट होगी। इस वक्त पोजी ान यह है कि अर्बन इम्मूवेबल प्रौपर्टी टैक्स को रिपील करने का आर्डिनैंस पिछली सरकार ने जारी किया था। उस आर्डिनैंस को जब एक्ट बनाने लगे तो वह एक्ट नहीं बना और आर्डिनैंस लैप्स हो गया। और अर्बन इम्मूवेलबल प्रौपर्टी टैक्स हमारी स्टैच्यु बुक में ज्यों का त्यों खड़ा है और इसके अधीन प्रौपर्टी टैक्स लग सकता है।

चौधरी राम लाल वधवाः ऐसी कोई बात नहीं है। मैंने कल भी कहा था कि यह मेरा विभाग नहीं है, वह अलग विभाग है। (व्यवधान)

श्री मांगे राम गुप्ताः तभी तो हमने कहा था ? (व्यवधान)

चौधरी राम लाल वधवाः आप मेरी बात तो सुनिए, आप इतना क्यों बुथला रहे हो ? (व्यवधान) स्पीकर साहब, मैं क्लीयर कर देता हूं, अगर ऐसी बात इसमें है .... (व्यवधान) जैसा मैंने कहा कि हम प्रौपर्टी टैक्स चार्ज कर ही नहीं रहे हैं, कोई मैम्बर सदन में यह तो कहे कि चार्ज कर रहे हैं ? (व्यवधान) और अगर कोई लीगल बात रह गई है तो हम इसमें अमैंडमैंट ले आएंगे।

चौधरी जगजीत सिंह पोहलूः आप बार बार अमैंडमैंट क्यों लाना चाहते हैं ?

Mr. Speaker: I think, after the assurance given by the Minister all objections of the members should be met.

I will now put the motion to the vote of the House.

Question is-

That the Haryana Municipal (Second Amendent) Bill be passed.

The motion was carried.

दोपहर के भोजन के लिए सदन का स्थगन

श्री अध्यक्ष: आनरेबल मैम्बर्ज, हमने पास कर दिया है कि आज नान–स्टौप मिटिंग होगी। अब दोस्तों की तरफ से मांग आ रही है कि बाद में (बाद दोपहर) मीट कर लेंगे। अगर हाउस की सैंस हो तो 3 बजे तक हाउस अडर्जन कर दें और बाद में मीट करेंगे।

Mr. Speaker: Motion moved-

That the Haryana Municipal (Second Amendent) Bill cluase by clause.

आवाजें : ठीक है जी।

Mr. Speaker: Now that the Bills have already been passed, I would like to make one observation. I would request the treasury benches to ensure that the bills are printed sufficient well in time and circulated in future. लास्ट नाईट विधान सभा का स्टाफ साढ़े 11, पौने 12 बजे तक काम करता रहा और बिल्ज 6 बजे सुबह डिस्ट्रिब्यूट किए। रात को पौने 12 बजे बसें बन्द हो जाती हैं, और स्टाफ को घर जाने के लिये कोई प्रबन्ध नहीं था। इनके लिये मैंने 2 टैक्सियों का प्रबन्ध किया था और घर भेजा। Therefore, I would request that the bills should be sumitted well in time.

Now the House stands adjourned till 3.00 P.M. today.

(The House then adjourned for lunch & re-asembled at 3.00 P.M.)

आधे घन्टे की चर्चा–

चण्डीगढ़ से कार्यालयों का स्थानांतरण संबंधी

श्री अध्यक्षः साहेबान, अब आधे घंटे की डिस्क ान होगी जो कि स्टार्ड क्वै चन 707 से सम्बन्धित है। राव दलीप सिंह।

15.00 बजे।

राव दलीप सिंह (महेन्द्रगढ़): स्पीकर साहब, स्टार्ड क्वै चन 707 के जवाब में श्रीमान मंत्री ने यह फर्माया था कि बिजली बोर्ड ने यह फैसला किया है कि इसका दफ्तर हिसार ि ाफ्ट कर दिया जाये। उन्होंने यह भी बताया था कि बोर्ड के ि ाफ्ट करने से किराए की जो रा ि ा यहां खर्च करनी पड़ती है वह वहां खर्च नहीं करनी पड़ेगी। तो मैं इस बारे में जानना चाहूंगा कि क्या सरकार इसी आधार पर इस बोर्ड को ि ाफ्ट कर रही है कि किराए का बोझ कम हो जायेगा या इसके अलावा कोई और भी आधार है ? साथ ही मैं यह भी जानना चाहूंगा कि यहां जो और भी आफिस हैं या बोर्ड के दफ्तर यहां हैं उनको भी डिस्ट्रिक्ट हैड– क्वाटर्ज पर ि ाफ्ट करना है या सिर्फ बिजली बोर्ड तक ही सीमित रहना है ? स्पीकर साहब, सरकार ने जनवरी के महीने में यह फैसला किया था कि बोर्ड यह डिसाइड करें कि इसने अपना हैड क्वार्टर फरीदाबाद ले जाना है या पंचकूला रखना है। एच0एस0ई0बी0 ने जनवरी के महीने में ही यह डिसाइड किया कि यह अपना दफ्तर पंचकूला में ले जायेंगे। बाद में अगस्त के महीने में गवर्नमैंट ने फैसला करके बोर्ड

को यह लिखा कि आप बोर्ड के आफिस को किसी सैंट्रल प्लेस में ले जायें। नवम्बर के महीने में बोर्ड ने यह फैसला किया कि इसका आफिस हिसार ले जाया जाये। तो स्पीकर साहब, मैं आपके द्वारा मंत्री जी से यह जानना चाहूंगा कि जब गवर्नमैंट की हिदायत थी कि हैड क्वार्टर सैंट्रल प्लेस में ले जाया जाये तो क्या हिसार सैंट्रल प्लेस है और क्या गवर्नमैंट ने यह स्पैसिफिक इन्स्ट्रक ान दी थी कि बोर्ड को हिसार ले जाया जाये ? स्पीकर साहब, गवर्नमैंट ने 10–1–78 को यह फैसला किया कि एच0एस0ई0बी0 के 165 ऐम्पलाइज हिसार ि ाफ्ट कर दिये जायें जबकि वहां रहने की कोई सुविधा नहीं है और न ही कोई कालोनी है। वहां ऐम्पलाइज धर्म ााला में ठहरे हुए हैं या इधर उधर ठहरे हुए हैं। अगर बोर्ड ि ाफ्ट करना ही था तो पहले कालौनी बनाई जानी चाहिये थी बाद में बोर्ड ि ाफ्ट किया जाना चाहिए था। स्पीकर साहब, आपको मालूम है कि ब्यास कंट्रोल बोर्ड और भाखड़ा मैनजमैंट बोर्ड के आफिसिज चण्डीगढ़ में ही हैं। उनसे तालमेल रखने के लिये एच0एस0ई0बी0 का दफ्तर भी यदि यहां रहे तो ठीक है वरना इसके चेयरमैन यहां आयेंगे, बोर्ड के मैम्बरान यहां आयेंगे और उनका टी0ए0 और डी0ए0 सरकार को देना पड़ेगा। इससे खर्चा कम नहीं होगा और न ही मैनेजमैंट को यह सुविधा होगी जो कैपिटल में हो सकती है। फिर इन्होंने कहा कि किराए का फायदा होगा जबकि इन्होंने बिजली बोर्ड के मकान वहां बनाये नहीं। ये कहते हैं कि मिनी सैक्रिटेरियट में रहेंगे। मिनी सैक्रिटेरियेट गवर्नमैंट की बिल्डिंग है। उसका किराया बोर्ड को देना पड़ेगा। उस पर बताया जाता है कि 90 लाख रुपया

खर्च हुआ है। इस वक्त आधी बिल्डिंग बोर्ड को दी गई है। इसका मतलब यह हुआ कि 40–475 हजार रुपया बोर्ड को देना पड़ेगा। तो मैं यह समझता हूं कि किराए का आधार जो ये बता रहे हैं ऐसा नजर आता है कि ठीक नहीं है। अब जो कालोनी बनाई जा रही है वह नौ दस किलोमीटर की दूरी पर है और वह ऐसी जगह बनाई जा रही है जहां इन्डस्ट्रियल एरिया है। अध्यक्ष महोदय, मैं तो यह मानता हूं कि इसके लिये कोई आधार होना चाहिये। यदि किसी आफिस को बाहर ि ाफ्ट करना है तो उसके बारे में स्टेट की कोई पौलिसी होनी चाहिये। किसी सैंट्रल प्लेस में ि ाफ्ट करना है या किसी वि ोश जगह पर ले जाना है या आहिस्ता आहिस्ता पंजाब के लिये चण्डीगढ़ को खाली करना है। खाली एक आफिस को बाहर ले जाने से काम नहीं चलेगा। उसमें भी यह आधार नहीं बताया गया कि किस वजह से आफिस ि ाफ्ट किया जा रहा है। यह बात स्पश्ट होनी चाहिये कि ऐसा करने का हमारा आधार क्या है आया प्रौफिट या लौस का आधार है, अच्छे मैनेजमैंट का आधार है या हरियाणा के रैजीडैंट को सर्विस देने का आधार है। ऐसा न करने से सिवाय बैड मैनेजमैंट की झलक के और कोई झलक नजर नहीं आती तो मैं आपके द्वारा मंत्री महोदय से यह प्रार्थना करूंगा कि वे इसके बारे में सरकार की क्लीयर पौलिसी बताएं।

(इस समय बहुत से सदस्य बोलने के लिए खड़े हुए।)

श्री अध्यक्षः रूल्ज के अनुसार जिन्होंने आधे घंटें की डिबेट के लिये लिखा है वे ही बोल सकते हैं और मंत्री जी बोल

सकते हैं। जिन मैम्बर्ज ने हाफ एन अवर की डिबेट के लिये लिखा है उनके नाम हैं राव दलीप सिंह, श्री मांगे राम गुप्ता और चौधरी जगजीत सिंह पोहलू। अब चौधरी जगजीत सिंह पोहलू बोलेंगे।

चौधरी हुक्म सिंहः स्पीकर साहब इस पर सबको बोलने का मौका दिया जाए।

Mr. Speaker: Rule 57 (5) says that there shall be no formal motion before the House nor voting. The member who has given notice may make a short statement and the Minister concerned shall reply shortely. Any member who has previously intimnated to the Speaker may be permitted to put a question for the purpose of further elecidating any matter of fact.

चौधरी जगजीत सिंह पोहलू (पाई): स्पीकर साहब, मैं आपके जरिये सरकार से कहना चाहता हूं कि हरियाणा को बने दस ग्यारह साल हो चुके हैं। भााह कमी ान की रिपोर्ट में क्लीयर लिखा है कि हरियाणा को अगर चण्डीगढ़ दिया जाता है तो ही हरियाणा कम्पन्सेट होता है लेकिन आज के हालात से ऐसा मालूम होता है कि भााह कमी ान की रिपोर्ट की इम्पलीमैंट करवाने में सरकार नाकामयाब रही है, पिछली सरकार भी रही है और यह सरकार भी रही है। इसके मुकाबले में इन्दिरा गांधी का अवार्ड भी मिला था। उसमें लिखा था कि चण्डीगढ़ के बदले में हरियाणा को फाजिल्का, अबोहर और 20 करोड़ रुपये मिलेंगे। इसलिये मैं आपके जरिये चीफ मिनिस्टर साहब से कहना चाहता हूं कि चन्डीगढ़ के बारे में हमारी क्लीयर पौलिसी होनी चाहिये कि चन्डीगढ़ हमने रखना है।

सिंचाई तथा बिजली मंत्री (श्री वीरेन्द्र सिंह): स्पीकर साहब, इस डिस्क ान का ताल्लुक तो इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड के आफिस को ि ाफ्ट करने से है। इसमें इन्होंने चन्डीगढ़ का मसला कैसे छेड़ दिया ?

चौधरी जगजीत सिंह पोहलू : स्पीकर साहब, चण्डीगढ़ से जो इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड का दफ्तर बदला गया है इससे साफ जाहिर है कि चूंकि हमारे चीफ मिनिस्टर साहब की बादल से दोस्ती है, इसलिये बादल साहब दोस्ती का नाजायज फायदा उठा रहे हैं।

श्री अध्यक्षः यह डिस्क ान केवल स्टार्ड क्वै चन 707 तक ही सीमित रहेगी। स्टार्ड क्वै चन 707 मैं आपकी इन्फर्मे ान के लिये पढ़ देता हूं। यह इस प्रकार है –

(a) Whether there is any proposal under consideration of the Government to shift Head Offices of any Department form Chandigarh to District Headquarters; and

(b) if so, the names of such Departments ?

तो मैं आपसे निवेदन करूंगा कि डिस्क ान केवल इस सवाल तक ही सीमित रखें।

चौधरी जगजीत सिंह पोहलू : स्पीकर साहब, सवाल इस बात का है कि छोटा सा हमारा हरियाणा है और चण्डीगढ़ में हमारे सारे के सारे दफ्तर हैं। इसका लाभ यह है कि एक आदमी अगर यहां आता है तो हर महकमे के काम को वह आसानी से करवा

सकता है। (विघ्न) जो लोग अम्बाला में बसते हैं या कालका में बसते हैं उनके लिये आप देखें कि हिसार कितनी दूर है। (विघ्न) ये इस बात को कहते हैं कि हिसार हरियाणा में है और अब हरियाणा की धरती पर काम होता है। यह बात गलत है। इसके अलावा ये कहते हैं कि हिसार हरियाणा के सैंटर में है यह बात भी गलत हैं हरियाणा का सैंटर तो कैथल पड़ता है। (विघ्न)

श्री बीरेन्द्र सिंहः बिलकुल नहीं, सैंट्रल प्लेस तो जींद है। (विघ्न)

चौधरी जगजीत सिंह पोहलू : इसका मतलब यह हुआ कि ये हिसार को हरियाण की राजधानी बनाना चाहते हैं। (विघ्न) तो चण्डीगढ़ से इसकी इस तरह से रैलेवैंसी बनती है मैं सी0एम0 साहब से कहना चाहता हूं कि हम हरियाणा को लूट भी लें तो भी ऐसी राजधानी नहीं बनेगी जैसी चण्डीगढ़ है। हरियाणा तो पहले ही टैक्सों से लदा हुआ है, हरियाणा पर और कितना ही टैक्सों का बोझा लाद दें परन्तु ऐसी राजधानी नहीं बन सकती है। पंजाब की राजधानी पटियाला बन सकती है। हमारे पास तो कोई भी ऐसा भाहन नहीं है जहां पर इतनी बड़ी राजधानी बन सके।

श्री अध्यक्षः आपका मकसद यह है कि सरकार अपनी पालिसी के बारे में बताये। अगर आप इसी तरह से 15—20 मिनट में यही बातें करते रहे तो इस डिबेट से कोई मकसद हल नहीं होगा।

चौधरी जगजीत सिंह पोहलू : स्पीकर साहब, आज बिजली बोर्ड का दफ्तर हिसार ले जा रहे हैं। वहां पर हजारों लोगों को ले जाना है। वहां न कोई रहने के लिये मकान हैं और न ही और कोई जगह है। मैं तो यह कहूंगा कि चण्डीगढ़ जैसा ठंडा भाहर कोई भी नहीं है। चण्डीगढ़ में कालेज हैं, यूनिवर्सिटी हे, पी0जी0आई0 है। इतना बड़ा हस्पताल हिन्दुस्तान में नहीं है। इसलिये मेरा निवेदन है कि बिजली बोर्ड का दफ्तर चण्डीगढ़ में ही रखा जाये। यहां एम्पलाइज के लिए हस्पताल का बड़ा अच्छा प्रबन्ध है। जैसे अभी पिछले दिनों आनरेबल मिनिस्टर श्री वीरेन्द्र सिंह की आंख खराब हो गई थी तो पी0जी0आई0 में ठीक हो गई। अगर हिसार में खराब हो जाती तो ठीक नहीं हो सकती थी।

श्री अध्यक्ष: क्या पी0जी0आई0 की वजह से सारे दफ्तर यहां पर रखे जायें ?

चौधरी जगजीत सिंह पोहलू : स्पीकर साहब, मैडीकल ऐड भी बड़ी जरूरी है। मैं सरकार से अर्ज करूंगा कि इस दफ्तर को यहां से न बदला जाये और जो एम्पलाइज वहां पर गये हैं उनको भी वापिस लाया जाये। चण्डीगढ़ में जिस प्रकार से एडमिनिस्ट्रेटिव कन्ट्रोल हो सकता है वैसा वहां पर नहीं हो सकता। इसलिये मेरी फिर गुजारि ा है कि चण्डीगढ़ में ही बिजली बोर्ड का दफ्तर रखा जाये। चण्डीगढ़ सारा का सारा हमारा है और हमारे पास ही रहेगा।

श्री मांगे राम गुप्ता (जीन्द): स्पीकर साहब, हरियाणा सरकार ने बिजली बोर्ड के दफ्तर को हिसार में ले जाने का प्रोग्राम बनाया है। यह सरकार की तरफ से बहाना है कि वहां ले जाने पर काम में बढ़ौतरी होगी। वहां ले जाने से काम में कोई बढ़ौतरी होने की सम्भावना नहीं है। यह कोई खास वजह दिखाई नहीं देती है। इसके पीछे तो कोई और ही कारण है। स्पीकर साहब, जहां पर आम लोगौं का काम पड़ता है वहां डिस्ट्रिक्ट लैवल पर बिजली के दफ्तर बने हुए हैं। डिस्ट्रिक्ट हैड क्वार्टर पर एक्स0ई0एन0 बैठता है उससे उनके काम हो जाते हैं। बोर्ड का सीधा लिंक सरकार के साथ है और सारा काम चण्डीगढ़ में होता है। जब भी कोई मिटिंग होती है, चण्डीगढ़ के दफ्तर के साथ ही होती है। जैसे पब्लिक अन्डर टेकिंग्ज कमेटी की मीटिंग हैं, अगर उन लोगों को इस मीटिंग को अटैंड करने के लिये हिसार से आना पड़ा तो सरकार को नुकसान के सिवाए कोई लाभ नहीं हो सकता है। जो अधिकारी हिसार से चण्डीगढ़ आयेंगे उनको टी0ए0 और डी0ए0 देना पड़ेगा जिससे सरकार का खर्चा बढ़ेगा। अगर यह दफ्तर यहीं रहे तो उनको कोई टी0ए0 और डी0ए0 नहीं देना पड़ता है। आपको पता है कि किसानों को पहले ही डीजल नहीं मिल रहा है। तेल की बड़ी भारी किल्लत है। अगर वे हिसार से यहां आयेंगे तो उनकी गाड़ियों में काफी पैसा तो तेल पर ही खर्च हो जायेगा। बोर्ड के चेयरमैन यहां पर ही रहेंगे क्योंकि जो बिजली बोर्ड का चेयरमैन है वह सैक्रेटरी और कमी नर भी होता है इसलिये वह तो यहीं पर रहेगा। बोर्ड के जो मैम्बर हैं वे भी यहीं रहेंगे तो फिर किस तरह से काम चलेगा ? मैं तो सरकार से

निवेदन करूंगा कि चण्डीगढ़ में दफ्तर रखना चाहिए। अभी तक हरियाणा की कैपिटल चण्डीगढ़ है। जब तक हरियाणा की राजधानी का फैसला नहीं हो जाता कि वह किस भाहर मैं जायेगी तब तक यहीं पर रखना चाहिये। बोर्ड तो वहीं पर जाना चाहिये जहां पर राजधानी जाये। जैसे हरियाणा का जींद सैन्टर है, यह दफ्तर तो वहां पर जाना चाहिये क्योंकि उससे सारे हरियाणा के लोगों को लाभ हो सकता है। हिसार में तो पहले ही बहुत सारे दफ्तर हैं और एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी है। दूसरे ओर भी बड़े ट्रेनिंग सैंटर बने हुए हैं। मैं तो मुख्य मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि उनको सभी भाहरों को अपना समझ कर बढ़ावा देना चाहिये। हमारे यहां जीन्द में कोई भी ट्रेनिंग सैंटर नहीं है।

मैं अन्त में यही निवेदन करूंगा कि बोर्ड का दफ्तर वहीं रखना चाहिये जहां पर राजधानी हो। जो लोग बाहर से आते हैं उनको भी सहूलियत रहे। मैम्बर साहिबान को भी यहां दफ्तर रहने से सहूलियत हो सकती है क्योंकि उनका भी बोर्ड से काम पड़ता रहता है। इसलिये सरकार ने जो फैसला किया है इस पर फिर से विचार करना चाहिए और बोर्ड का दफ्तर यहीं पर ही रहना चाहिये।

सिंचाई एवं बिजली मंत्री (श्री वीरेन्द्र सिंह): स्पीकर साहब, यहां पर काफी विस्तार से इस सवाल के बारे में मैम्बर बोले हैं। मुझे बड़े अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि तीन सदस्य बोर्ड के ऊपर ही बोलें और उन्होंने कोई वि ोश बात नहीं कही है। मैं हाउस के सामने गवर्नमैंट की पालिसी वाजह तौर पर बताना चाहता हूं। जहां

तक गवर्नमैंट के हैड आफिसिज का सवाल है उनको सरकार चण्डीगढ़ से परे ि ाफ्ट नहीं करना चाहती हैं गवर्नमैंट की पालिसी वाजह तौर पर बताना चाहता हूं कि चौधरी देवी लाल चण्डीगढ़ को हरियाणा की राजधानी मान कर चल रहे हैं और यह हरियाणा की राजधानी रहेगी।

एक बात और वाजह तौर पर अर्ज करना चाहता हूं कि मेरे कुछ दोस्तों ने खामख्वाह इस किस्म का वातावरण पैदा करने की कोि ा ा की है जिससे पार्टी की नियत पर भाक हो। हम इस प्रकार का कोई भी कदम नहीं उठाना चाहते हैं जिससे हमें चण्डीगढ़ से हाथ धोना पड़े। हम बिल्कुल ऐसा नहीं करना चाहते। चण्डीगढ़ हमारा है और हमारा रहेगा।

जहां तक कारपोरे ान बोर्ड, कमी ान और फैडरे ान के दफ्तरों को चण्डीगढ़ से ि ाफ्ट करने का सवाल है उस बारे में 12—8—78 को कैबिनिट ने फैसला किया है—

"It was decideds that the shifting of offices of Corporation/Boards/Commission/Federations at Chandigarh to district headquarters or other places in Haryana should be decided in eacdh case on merits by the concerned administrative department, taking into consideration convenience, efficiency and other relevant factors. Decisions in all cases will be taken by the Minister-in-charge with C.M.'s approval ...." This was the decision which was taken by the Cabinet on the 12th August, 1978.

वेरियस डिपार्टमैंटस के नीचे जितने भी बोर्ड, कारपोरे ान या फैडरे ानज बनी हुई है उनके बारे में अलग अलग सदन में बताना चाहता हूं ताकि किसी के मन में भाक न रहे। सबके बारे में विस्तार से बताना चाहता हूं। सबसे पहले डिपार्टमैंट आफ इंडस्ट्री है। इसके तहत काफी कारपोरे ान्ज आती हैं जैसे–

Haryana Financial Corporation: The matter regarding the shifting of the Corporation was examined sometime back but no final decision has been taken so far.

The same is the position with regard to Haryana State Small Industries & Export Corporation; Haryana State Handloom and Handicrafts Corporation; Haryana Khadi & Village Industries Board; and Haryana State Industrial Development Corporation.

The position with regard to the Subsidiary companies of Haryana State Industrial Development Corporation is as under :-

Haryana Tanneries Limited : The factory is located at Jind. Managing Director of the Company has his office at Chandigarh. No deceision of shifting of his headquarters has been taken so far. The new Chairman's Headquarters have not yet been fixed.

श्री भाम ोर सिंहः आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर। मंत्री महोदय की यह स्टेटमैंट सैन्फ कन्ट्राडिक्टरी है। पहले इन्होनें यह कहा है कि कोई भी आफिस यहां से ि ाफ्ट करने का मैटर अन्डर कंसीड्रे ान नहीं है और यह बता रहे हैं कि अन्डर कंसीड्रे ान है।

श्री वीरेन्द्र सिंहः मेरे ख्याल में मेरे लायक दोस्त आदमी भी बहुत बढ़िया थे और वकील भी बहुत अच्छे हैं He was a very good man now he is not a very good man. पता नहीं क्यों इनको कन्फयूज्न रहती है। कांग्रेस (आई) वर्कर्ज को छोड़ने का फैसला लेने के बारे में आज ही सी0एम0 साहब से सलाह करेंगे कि वह छोड़ने हैं या नहीं।

Mr. Speaker: He is giving detailed break-up.

श्री वीरेन्द्र सिंहः मैं कारपोरे ान्ज और बोर्ड का जिक्र कर रहा हूं। अगर सारे मैम्बर्ज इसमें इन्ट्रैस्टिड नहीं है, तो इसे नहीं पढ़ता।

आवाजें: नहीं जी, आप पढ़िये।

Shri Verender Singh: The position about these is as under:-

Haryana Minerals Limited: It is located at Narnaul. However its Managing Director having additional charge of Joint Director Industries sits at Chandigarh. No decision so far has been taken for shifting of his headquarters. The new Chairman's Headquarters have not yet been fixed.

Haryana Breweries Limited: The Company is located at Murthal. However, its Managing Director has his office at Chandigarh and no decision to shift headquarters has been taken so far. Haryana Television Limited & HaryanaConcast Limited: The same is the case with these two companies.

Department of Agriculture

The following Corporation come under this department:-

1.	Haryana Warehousing Corporation;
2.	Haryana Agro-Industries Corporation;
3.	Haryana Seed Development Corporation;
4.	Haryana Land Reclamation & Development Corporation and
5.	Haryana State Agriculture Marketing Board.

No decision about shifting of the Headquarters outside Chandigarh has yet been taken about any one of these Corporations. The views of these Corporation about shifting to places in Haryana have, however, been called from the Administrative Secretaries and the decision is still awaited.

Department of Co-operationj

The following institution come under this department :-

1.	Haryana Diary Development Co-o-operative Federation;
2.	Haryana State Federation of Co-o-opertive Sugar Mills;
3.	Haryana State Industrial Co-o-operative Federation;
4.	Haryana State Co-operative Development Federation;

5.	Haryana State Co-operative Land Development Bank;
6.	Haryana State Co-operative Bank;
7.	Hafed;
8.	Haryana State Federation of Consumer Wholesale Stores Limited; and
9.	Labour and Construction Co-operative Federation.

In a meeting held on 15-7-1978 chaired by the Minister of Co-operation the question of shifting these institutions was considered and it was decided that the question of shifting be re-considered on receipt of proposals for shifting from these institutions themselves. So far no institution has sent any proposal except the Dairy Development Co-operative Federation. The question of shifting the office of Haryana Dairy Development Co-operative Federation to Rohtak is still under consideration.

Department of Social Welfare

No decision has so far been taken with regard to the shifting of the Administrative office of the Nigam from Chandigarh to any ot the district Headquarters. However, a plot has been purchased by this Nigam at Panchkula for constructing the building of Harkalyan Binders & Printers, Panchkula, a unit of this Nigam.

Department of Education

The Board of School Education, Haryana and Haryana Hindi Granth Academy are also under Administrative Conrol of

the Education Department. There is no proposal to shift the office of the Haryana Hindi Granth Academy from Chandigarh to any place in Haryana.

2. So far as the Board of School Education is concerned, a proposal in under consideration to shift the Board's office from Chandigarh to Bhiwani. No final decision has been taken. Now comes the department of Town & Country Planning and next comes the Haryana State Electricity Board. जिसके लिये हमारे माननीय सदस्यों ने अपने अपने विचार रखे हैं। बोर्ड और कारपोरे ान्ज के आफिसिज को ि ाफ्ट करने के लिये यह सरकार ही नहीं बल्कि पिछली सरकार भी बड़ी गम्भीरता से सोच रही थी और पिछली सरकार का यह फैसला था कि बोर्ड के आफिस को या तो फरीदाबाद में या फिर पंचकूला में ि ाफ्ट करने का मैटर एग्जामिन किया जाये। यह पिछली सरकार का फैसला था। आखिर हमने भी इस मैटर को एग्जामिन किया और यह सुझाव एक स्टेज पर आया कि क्योंकि जींद सैंट्रली लोकेटिड प्लेस है, क्यों न इसके आफिस की अकोमोडे ान अवेलेबल है और न ही वहां पर कालोनी बनाने के लिये इतनी जल्दी जमीन अवेलेबल हो सकती थी जितनी जल्दी हिसार में अवेलेबल हुई है। तो यह फैसला किया गया कि इसके आफिस को हिसार में बदल दिया जाये।

चौधरी जगजीत सिंह पोहलू: आन ए प्वायंट आफ आर्डर सर। कैथल में जमीन बहुत है। मैं सरकार से यह कहना चाहता हूं कि सी0एम0 साहब ने यह अ योरैंस दी थी कि सब को बराबर समझा जायेगा, वह अब कहां पर गयी है ?

Mr. Speaker: Mr. Pohloo, there is no point of order. Please do not interrupt. You plase sit down. This is not a point of order (Interruptions)

Shri Virender Singh: I want to inform my Hon. friend that kaithal was never considered for shifting the headquarters of Haryana State Electricity Board.

ि ाफ्टिंग के लिये बोर्ड ने अपनी मीटिंग में जो क्राइटेरिय या जो ग्राउन्डज लिये वह 5–6 हैं, जो मैं उन्हीं की फाईल से पढ़ कर सुनाता हूं–

नम्बर 1. टयूबवैल्ज और उद्योग तथा घरेलु उपभोक्ताओं की सेवा के लिये जितने भी बिजली के कुनैक ान हैं, वह सारे हरियाणा राज्य में ही स्थित हैं। अतः उनकी देखभाल चण्डीगढ़ से भली भांति नहीं हो पा रही इसलिये उपयुक्त यही होगा कि हरियाणा राज्य बिजली बोर्ड के मुख्यालय को राज्य में ही ि ाफ्ट किया जाये।

नम्बर 2. वित्तीय दशि्ट से भी फील्ड आफिसर्ज जो चण्डीगढ़ मैं हरियाणा राज्य बिजली बोर्ड के मुख्यालय मैं होने वाली मीटिंगो में भाग लेने के लिये दूसरे स्थानों से आते हैं, भारी खर्चा गाड़ियों में पैट्रोल के खर्च के रूप में उन पर पड़ता है। टी0ए0/डी0ए0 के रूप में भी बड़ा भारी खर्चा होता है और इसी प्रकार से जब चंडीगढ़ से बिजली बोर्ड के सदस्य तथा मुख्य इंजीनियर्ज, हरियाणा राज्य बिजली बोर्ड के अधिकारियों/कर्मचारियों के कार्य की देखरेख के लिये राज्य में जाते हैं तो आव यकता से

अधिक खर्चा होता है। अतः यदि बोर्ड के मुख्यालय को ि ाफ्ट कर दिया जाये तो खर्चा बच सकता है।

नम्बर 3. यदि बोर्ड का मुख्यालय राज्य में होगा तो अधिक अधिकारियों/कर्मचारियों को सर्तक रखने की पूरी आ ा की जा सकेगी जिससे लोगों की ि ाकायतें कम हो जायेंगी और जो अनियमतितायें इस समय क्षेत्र में हो रही हैं, वे कम होने की आ ा है।

चण्डीगढ़ में हरियाणा राज्य बिजली बोर्ड के पास जो भवन है इस समय उसका वार्शिक किराया चार लाख साठ हजार रुपये है। यदि यह मुख्यालय ि ाफ्ट कर दिया जाये तो उस भवन का किराया बच सकता है और बोर्ड को इतने धन की बचत हो सकती है।

Mr. Speaker: I would request the Hon. Minister to try to wind up.

श्री वीरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब, हरियाणा राज्य बिजली बोर्ड के अधिकारियों तथ कर्मचारियों को जो भत्ता इस समय चण्डीगढ़ में रहते हुए मिल रहा है वह मुख्यालय हिसार चले जाने के प चात कतई तौर पर बन्द होगा।

Rao Dalip Singh: These remarks apply to all the Board/Corporations etc. and not only to the Electricity Board.

Shri Verender Singh: Those are being considered. That is under the consideration of the Government. इस समय पचार हजार रुपया माहवार भत्ते की भाक्ल में जा रहा है। ि ाफ्ट करने से गवर्नमैंट को तकरीबन 6 लाख का फायदा होगा। यह सारी चीजें कंसिडर करके इन सब बातों को मद्देनजर रखते हुए यह फैसला लिया गया है।

राव दलीप सिंहः चीफ मिनिस्टर साहब उस दफ्तर को अपने घर ले गए हैं।

मुख्य मंत्री (चौधरी देवी लाल): मेरा घर सिरसा जिले में है।

श्री वीरेन्द्र सिंहः राव दलीप सिंह ने कहा कि जो कर्मचारी वहां गए हैं वे धर्म ााला में रह रहे हैं। यह बिल्कुल झूठ और गलत है। सब को मकानात मिले हैं और जिन्हें नहीं मिले उनका बाकायदा यूनिवर्सिटी कैम्पस में इंतजाम किया गया है और कोई और इंतजाम किया गया है। नई कालोनी आठ नो महीने में तैयार हो जाएगी। मिनी सैक्रिटेरियट का केवल एक ब्लाक लिया गया है और वही सफि ाएंट हैं इन हालत में सरकार ने जो फैसला किया है वह हरियाणा के लोगों के हक में किया है।

Mr. Speaker: I must congrulate the Minister for delivering a very well prepared, detailed, clear and forthright exposition of the policy of the Government regardign shifting of offices. The Ministers has obviously burnt the midnight candle in

doing his home work. I would wish that everybody else would also spend that much time in his home work.

सरकार संकल्प

संविधान (45वां सं ाोधन) विधेयक, 1978 के अनुसमर्थन सम्बन्धी

Mr. Speaker: The House will now resume discussion on the official resolution moved by Shri Verender Singh on the 26th December, 1978, regari9dng ratification of the Constitution (Forth-fifth Amendemnt) Bill, 1978.

श्री सुरेन्द्र सिंह (तो ाम): अध्यक्ष महोदय, संविधान का 45 वां सं ाोधन हिन्दुस्तान की संसद ने रेटिफिके ान के लिये हरियाणा विधान सभा के लिये भेजा है। अध्यक्ष महोदय, जनता पार्टी ने केन्द्र में सरकार बनाने के बाद इस संविधान सं ाोधन द्वारा कोई बेसिक तबदीली नहीं की बल्कि इसे उसी भाक्ल में रखा है जिसको वह अक्सर गालियां निकाला करते थे। (व्यवधान) स्वामी जी मेरे पास **(इस समय श्री उपाध्यक्ष पदासीन हुए)** उस अमैंडमैंट की कापी है जिसमें आपने एमरजैंसी को भी रखा है। स्वामी जी मेरे पास उस अमैंडमैंट की कापी भी है जिसमें आपने डिटैं ान को भी रखा है। स्वामी जी मैं तो इससे भी ज्यादा कुछ कहना चाहता हूं। आप तो सुप्रीम कोर्ट के बड़े भारी गीत गाते थे लेकिन उसको भी अंडरग्राउंड करके रखा है। मैं यह नहीं कहता कि आपने न्यायपालिका के अधिकार छीन लिये हैं लेकिन संविधान सं ाोधन के बारे में

हिन्दुस्तान की सर्वोच्च न्यायालन ने जो विचार किसी मुकद्दमे में प्रकट किए कि हिन्दुस्तान के संविधान का जब कभी बेसिक स्ट्रक्चर चेंज हो तो हिन्दुस्तान की पार्लियामैंट उसको चेंज नहीं कर सकेगी, क्या आपने उसका पालन किया है। आप याद करें उस वक्त को जब आप अदालतों को चेलैंज करते थे (व्यवधान) उपाध्यक्ष महोदय, सबसे पहले ला मिनिस्टर ने इस सं ाोधन में जो एमरजैंसी प्रोवीजन को डिस्कस किया है उस पर अपने विचार रखूंगा। डिप्टी स्पीकर साहब, एमरजैंसी के बारे में जो प्रोवीजेन्सी के बारे में जो प्रोवीजन्ज हैं उसमें केवल कुछ भाब्द हेरफेर करके संविधान में रखे हैं (व्यवधान)

एक आवाजः क्या आपको अंग्रेजी आती है—

Shri Surrender Singh: I know better English than you.

Mr. Deputy Speaker: No direct talks please.

श्री सुरेन्द्र सिंहः फर्क केवल इतना है कि पहले इस एमरजेन्सी को उस संविधान के मुताबिक लागू कर सकते थे और अब अगर यह सं ाोधन पास हो गया तो एमरजैंसी को इस संविधान सं ाोधन के माध्यम से लागू कर दिया जायेगा आखिर एमरजैंसी तो हुई। एमरजैंसी होने के बाद इस सरकार ने भी एमरजैंसी को क्यों रखा ? There must be a need to use emergency with in the ambit of constitution. कांस्टीच्यू ान में एमरजैंसी के प्रोविजन का रखना इस बात का तसदीक करता है कि सरकार दूरद र्ीि है और अगर कभी भी ऐसे हालात पैदा हो जाएं कि एमरजैंसी लागू की जा सकती

थी और उन्होंने लागू की तो यह एमरजैंसी लगाई जा सकती है। सिर्फ एक भाब्द का हेरफेर था। उस वक्त यह था कि अगर मुल्क में इन्टरनल डिस्टरबेंसिज हो जाएं और सरकार मुनासिब समझे कि अब एमरजैंसी का लागू करना जरूरी है तो एमरजैंसी लागू हो सकती थी। अब इन्टरनल डिस्टरबेंसिज की जगह आम रेबिलियन भाटद इस्तेमाल किया गया है। वह रेबिलियन क्या होगा ? कोई ऐसी चीज इस सं ाोधन के अन्दर नहीं रखी है। इसमें न तो डिफाइन किया गया है और न ही डिफाइन किया जा सकता है। क्या मेरे लायक दोस्त यह बता सकते हैं कि बिहार के अन्दर पिस्टल की नोक पर मैम्बर्ज के इस्तीफ लिए जाते थे और कल को हमसे और आपसे दो आदमी या पांच आदमी इस्तीफा मांगें तो वह आम रेबिलियन होगा, इन्टरनल डिस्टरबेंसिज होगी या आप बता सकते हैं कि वह क्या चीज होगा ? क्या उस वक्त यह हालात नहीं थे जब 24 तारीख को रामलीला मैदान में आपके लीडर्ज ने यह काल दी थी कि सरकार दफतरों में, पुलिस अधिकारियों के और सरकार के हुक्म न मानो। डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा कहना का मकसद यह है कि सरकार इसके ऐम्ज एंड आव्जैक्टस को देखे। डिप्टी स्पीकर साहब, जो यह फर्स्ट पैरा है उसको मैं पढ़ता हूं–

“Recent experience has shown that the fundamental rights, including those of life and liberty, granted to citizens by the Constitution are capable of being taken away by a transient majority. It is, therefore, necessary to provide adequate safeguards against the recurrence of such a contingency in the future and to ensure to the people themselves an effective voice

in determining the form of government under which they are to live. This is one of the primary objects of this Bill".

अगर यह सं ाोधन उस समय होता, अगर यह तरमीम 25 जून से पहले होती तो उस वक्त यह एमरजैंसी इस काननू के मातहत लगती। जब यह प्रोवीजन ही नहीं थी तो कांस्टीच्यू ान में .... (ाोर एवं व्यवधान) ....

Mr. Deputy Speaker: No Interruptions please.

श्री सुरेन्द्र सिंहः अगर आज आप एमरजैंसी लागू करेंगे तो इस तरीके से करेंगे। (ाोर एवं व्यवधान)

आवाजेंः डिप्टी स्पीकर साहब, यह मिस लीड कर रहे हैं।

श्री सुरेन्द्र सिंहः यह मिस लीडिंग नहीं, मैं यह कहता हूं कि अगर यह पेरा आपका उस वक्त होता तो एमरजैंसी इसके माध्यम से लगती। उस वक्त अगर यह नहीं था तो जो कानून उस वक्त था उसके माध्यम से लगी। दूसरी बात रैफरैंडम के बारे में डिप्टी स्पीकर साहब, मैं कहना चाहता हूं। रैफरैंडम के बारे लिखा है कि अगर .... (ाोर एवं व्यवधान) ......

चौधरी सतबीर सिंह मलिकः मेरा प्वायंट आफ आर्डर है डिप्टी स्पीकर साहब, मेरे आनरेबल साथी जो पुराना है उसको चाहते हैं या जो हमने इंट्रोडयूस किया है उसके बारे में कह रहे हैं, हमें तो यह ही नहीं पता चल रहा ...... (ाोर)

श्री सुरेन्द्र सिंहः डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा कहने का मतलब है कि मेरे प्वायंट आफ व्यू में और इसमें क्या फर्क है सिर्फ लफ्जों का ही हेरफेर है और कुछ फर्क नहीं है। (ाोर) डिप्टी स्पीकर साहब, मैं यह कहना चाहता हूं कि ये लोग यह कहते थे और इनके देसाई साहब भी यह कहते थे कि सदा सदा के लिये एमरजैंसी को खत्म कर देंगे। कहां गये इनके देसाई साहब, कहां खत्म कर दी एमरजैंसी ? जनता सरकार जो आज इसमें अमैंडमैंट कर रही है, वह पब्लिक के साथ जो कमिटमैंट की थी, उसके मुताबिक जनता की भावनाओं के मुताबिक इसमें अमैंडमैंट नहीं कर रहे हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, जहां तक रैफरैंडम का सवाल हे हमारे कांस्टीच्यू ान में यह दिया गया है कि अगर दे ा के संविधान के बेसिक स्ट्रक्चर, बेसिक प्रिंसिपल को चेन्ज करना हो तो (ाोर एवं विध्न)

सिंचाई तथा बिजली मंत्री (श्री वीरेन्द्र सिंह): डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है कि इसमें रैफरैंडम का तो कहीं जिक्र ही नहीं है, ये किस पर बोल रहे हैं ? That is why I am saying he is mistaken .... (Interruptions). He has not read the Bill (Interruptions).

Shri Surrender Singh: He is not listening (Interruptions). That clause was provided in the original Bill (Interruptions).

Shri Verender Singh: It is not in the Bill (Interruptions).

Shri Verender Singh: What I have moved is the Bill which has been passed by both the House of Parliament and that is before the House for ratification. It does not contain any clause regarding referendum .... (Interruptions).

श्री सुरेन्द्र सिंहः डिप्टी स्पीकर साहब, यह जो जनता पार्टी का इलैक ान मेनीफैस्टो था उसमें जनता पार्टी की लीडरों ने जो कुछ वायदे किये थे उसके मुताबिक संविधान का सं ोधन पे ा नहीं किया गया। (ोर)

Mr. Deputy Speaker: Here you are to discuss the passed items only.

श्री दीप चन्द भाटियाः डिप्टी स्पीकर साहब, मैं भाई सुरेन्द्र सिंह को यह बता देना चाहता हूं कि जनता पार्टी के लीडरों ने वायदे किये थे, उसने तो नहीं किये थे।

श्री सुरेन्द्र सिंहः उपाध्यक्ष महोदय, अब सवाल है कि आर्टिकल 31 को इस संविधान से गायब कर देना किस हद तक वाजिब है ? अब हमारे लायक दोस्त यह कहेंगे कि हमने लोगों से राईट टू प्रौपर्टी भी नहीं छीना। मैं जनता पार्टी के लीडरों से एक बात कहूंगा कि आप सम्पति का अधिकार तो लोगों से ले रहे हैं और जो काम के अधिकार का वायदा आपने लोगों से किया था उससे मुकर रहे हैं .... (ोर)

श्री दीप चन्द भाटियाः डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है कि जनता पार्टी ने यह वायदा किया था कि बंसीलाल

को अन्दर करेंगे लेकिन यह वायदा वह पूरा नहीं कर सकी। (हंसी), (ोर)

श्री वीरेन्द्र सिंहः उपाध्यक्ष महोदय, इसके लिये आपने इनको बोलने के लिये सिर्फ दो मिनट ही दिये थे, टाईम का ध्यान रखा जाए क्योंकि अभी बहुत से मैम्बर साहेबान बोलने बाकी हैं .... (ोर)

श्री उपाध्यक्षः सुरेन्द्र सिंह जी, आप बोलिये, अब कोई आपको इंट्रप्ट नहीं करेगा।

श्री सुरेन्द्र सिंहः उपाध्यक्ष महोदय, इस सदन को मैं आपके द्वारा बताना चाहता हूं कि कांस्टीच्यू ान के तहत जो यह लोग करना चाहते हैं, चाहे वह हिन्दुस्तान की पार्लियौंट हो, चाहे हरियाणा विधान सभा हो, क्या ये उस तरीके से काम कर रहे हैं जिस तरीके से हमारी प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने सिक्किम का किया। क्या आज के प्राईम मिनिस्टर उस तरीके से काम कर रहे हैं ?

Shri Verender Singh: Sikkim is not concerned with it. It is out of the context.

श्री उपाध्यक्षः आप इसके ऊपर न बोलिये।

उद्योग मंत्री (डा0 मंगल सैन): उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपकी रूलिंग चाहता हूं कि अगर किसी प्वायंट की रैलीवेन्सी न हो तो क्या आनरेबल मैम्बर उसके ऊपर यहां बोल सकते हैं ?

श्री उपाध्यक्षः सुरेन्द्र सिंह जी, इसके ऊपर न बोलिये। जो प्वायंट यहां पर डिस्कस हो रहा है आप उसी पर बोलिये। (Interruptions). The Hon. Member may try to be relevant to the matter under discussion and finish within two minutes. (Interruptions).

